JANMARG news
Janmarg News Youtube Channel
केन्द्र व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI Registration No. 3773 / 58
e-mail :dainikjanmarg@gmail.com
Website:- www.janmarg.com

# जनमार्ग

निष्पक्ष ◆ निर्भिक ◆ सांध्य दैनिक

आज का मौसम
अधिकतम : 26
न्यूनतम : 27
हवा में नमी : 16

वर्ष : 66 ● अंक: 94 ● श्रीगंगानगर, बुधवार, 26.02.2025, मो. 94140-87692, 77421-86692, 0154-2970692 ● मूल्य: 2 रुपये ● पृष्ठ :8

## चांदी 800, सोने के 300 रुपए टूटे भाव



● 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर पहुंची 88,500 रुपए

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** दुनियाभर के बाजार में अस्थिरता और शेयर बाजार में हो रहे बदलाव का असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आने लगा है। रिकॉर्ड तेजी के बाद बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां 300 रुपए, वहीं चांदी की कीमत में 800 की गिरावट हुई है। इसके बाद जयपुर के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर 88 हजार 300 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत घटकर 97 हजार 800 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारी शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि फिलहाल सोने और चांदी का बाजार पूरी तरह से गड़बड़ाया हुआ है। पिछले दिनों हुई रिकॉर्ड तेजी के बाद आज सोने की कीमत में एक बार फिर गिरावट हुई है। इसकी वजह से जयपुर के सर्राफा बाजार में ग्राहकों की कमी साफ तौर पर नजर आ रही है। ऐसे में अगले कुछ दिनों तक सोने और चांदी के बाजार में यही हालत रहने की संभावना है। क्यों कि वैश्विक बाजार की अस्थिरता की वजह से कीमती धातुओं की कीमत में दिनों - दिन बदलाव हो रहा है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 88 हजार 500 रुपए पर आ गई है।

# महाकुंभ का आज आखिरी स्नान, कुंभ ने बना लिए कई महारिकॉर्ड

● अमेरिका की आबादी से दोगुने 64 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया संगम स्नान

जनमार्ग न्यूज

**वाराणसी।** आज महाकुंभ का आखिरी दिन है। 13 जनवरी से शुरू हुए इस महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यानी अमेरिका की आबादी से दोगुने लोग। ये एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। केवल यही एक रिकॉर्ड नहीं है। इस महाकुंभ में और भी महारिकॉर्ड बने हैं। हाथ में गदा-त्रिशूल। हाथी-घोड़े की सवारी। शरीर पर भस्म और फूलों की माला। हर-हर महादेव का उद्घोष। काशी में कुछ इस अंदाज में 7 शैव अखाड़ों के करीब 10 हजार से ज्यादा नागा साधु बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। नागा साधुओं के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के रास्ते की बैरिकेडिंग की गई है। लाखों की संख्या में भक्त नागा संतों का आशीर्वाद लेने के लिए रात से ही सड़क किनारे खड़े हुए हैं। सबसे पहले जूना अखाड़े के नागा संन्यासी मंदिर पहुंचे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भी उनके साथ रहे। नागा साधुओं की पेशवाई में गाड़ियां, ढोल-नगाड़े और अस्त्र-शस्त्र के साथ करतब दिखाते हुए साधु शामिल रहे। आधी रात से ही करीब 2 लाख भक्त 3द्मद्व लंबी कतार में लगे हैं। सुबह से अब तक 2.37 लाख भक्त



दर्शन कर चुके हैं। तड़के 2.15 बजे बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती हुई। उनका दूल्हे की तरह श्रृंगार किया गया। मंगला आरती के दौरान प्रवेश रोकने पर श्रद्धालुओं ने हंगामा कर दिया। उनकी पुलिसकर्मियों से नोकझोंक हो गई। श्रद्धालुओं को समझाकर शांत कराया गया। इसके बाद मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। महाकुंभ पर महाशिवरात्रि का यह संयोग 6 साल बाद बना है। इससे पहले, 2019 के कुंभ में ऐसा संयोग बना था, तब 15 लाख श्रद्धालु काशी पहुंचे थे। कुंभ के बाद महाशिवरात्रि की खास बात यह रहती है कि शैव अखाड़े के नागा साधु भी बाबा का दर्शन करने आते हैं। 8 मार्च 2024, यानी पिछले साल शिवरात्रि पर 11 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए थे। आज 25 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है।

## कलक्टर व निकाय आयुक्तों के बीच काम का हुआ बंटवारा

● प्रदेश के 111 नगरीय निकायों को लेकर नया आदेश जारी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान के 111 नगरीय निकायों (नगर निगम, परिषद, पालिका) में चुनाव टालते हुए जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखंड अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया गया है, लेकिन दो जगह का काम होने से लोगों के पट्टे देने सहित अन्य काम प्रभावित हो गए। हल्ला मचा तो स्वायत्त शासन विभाग को बड़े निकायों में प्रशासक के रूप में नियुक्त जिला कलक्टर व संबंधित निकाय आयुक्तों के बीच काम का बंटवारा करना पड़ा है। जमीन और भवन निर्माण से जुड़े काम की जिम्मेदारी आयुक्त की तय की गई है। इनमें पट्टे जारी करने, भूखंड पुनर्गठन, उपविभाजन, ले आउट प्लान स्वीकृति तक के काम शामिल हैं। स्वायत्त शासन विभाग ने इस संबंध में



अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें बीकानेर, अलवर, भरतपुर, पाली, उदयपुर निकाय मुख्य रूप से शामिल हैं। पिछले वर्ष नवम्बर में 49 शहरी निकायों में प्रशासक नियुक्त किए थे। यहां निकाय के बोर्ड का कार्यकाल खत्म हो चुका। इनमें 5 नगर निगम, 18 नगर परिषद और 26 नगर पालिका हैं। इस वर्ष जनवरी में 62 निकायों में भी प्रशासक नियुक्त किए गए और जिम्मेदारी एसडीएम को सौंपी गई।

## अमेरिकी नागरिकता देने के लिए 5 गुना वसूलेंगे ट्रम्प

जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिका की नागरिकता देने के बदले 5 गुना ज्यादा पैसा वसूल करने वाले हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को 'गोल्ड कार्ड' नाम से एक नए वीजा प्रोग्राम को शुरू करने का ऐलान किया। इसे 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) में खरीदा जा सकता है। ट्रम्प ने इसे अमेरिकी नागरिकता का रास्ता बताया है। ट्रम्प ने 'गोल्ड कार्ड' को ईबी-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प बताया और कहा कि भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाएंगे। फिलहाल अमेरिकी नागरिकता के लिए ईबी-5 वीजा प्रोग्राम सबसे आसान रास्ता है। इसके लिए लोगों को 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.75 करोड़ रुपए) देने होते हैं।

## दवाईयां खरीद में देरी पर कारण बताओ नोटिस

● आरएमएससीएल एमडी ने कार्यकारी निदेशक पर जताई नाराजगी
● पिछले चार सालों की तुलना में कम हुई खरीद

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में सरकार भले ही मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा दवाईयां मरीजों को फ्री उपलब्ध करवाने की घोषणा कर रही हो, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसका पूरा फायदा मरीजों को नहीं मिल रहा। अधिकारियों की लापरवाही का ही नतीजा है कि पिछले 2 वित्तवर्ष की तुलना में इस साल दवाईयों की खरीद कम हुई। इसके चलते राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लि. (आरएमएससीएल) की एमडी नेहा गिरि ने कार्यकारी निदेशक (क्यूसी एवं सप्लाई) विभु कौशिक को कारण बताओ



नोटिस जारी किया है। दरअसल पिछले कुछ समय माह से लगातार दवाईयों की खरीद में देरी हो रही है। पिछले साल दिसंबर में भी कार्यकारी निदेशक को एक पत्रावली भेज कर निशुल्क दवा की सूची में लिस्टेड 400 से ज्यादा दवाईयों की खरीद के निर्देश दिए। लेकिन कार्यकारी निदेशक ने खरीद के आदेश जारी नहीं किए। वहीं जनवरी-फरवरी में भी इसी तरह 130 से ज्यादा दवाईयों, सर्जिकल आइटम की खरीद की पत्रावली भिजवाई गई, लेकिन उनके भी खरीद के आदेश अब तक जारी नहीं हुए। इन भी घटनाओं को देखते हुए आरएमएससीएल एमडी ने आरएमएससीएल के कार्यकारी निदेशक को नोटिस जारी इन सभी में बरती गई लापरवाही का कारण बताओ नोटिस जारी किया।

## आरा मशीन पर खेजड़ी के पांच वृक्ष बरामद

● वन विभाग ने जब्त किए काटे गए पेड़

जनमार्ग न्यूज

**सादुलशहर।** सादुलशहर में वन विभाग ने गौशाला रोड पर स्थित लकड़ी के आरा मशीन से खेजड़ी के पांच पेड़ बरामद किए हैं, जिन्हें अवैध रूप से काटा गया था। जानकारी मिलने पर वन विभाग के रेंजर संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेजड़ी के पेड़ को जब्त कर कार्रवाई शुरु कर दी। खेजड़ी राजस्थान का राज्य वृक्ष है तथा इसकी कटाई पर प्रतिबंध है। वन विभाग के रेंजर संतोष कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सादुलशहर में गौशाला रोड पर सरजीत सिंह के आरे पर कटे हुए राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ होने की सूचना मिली। इस पर मौके पर जाकर देखा तो वहां पर खेजड़ी के कटे हुए पांच पेड़ बरामद हुए। रेंजर संतोष कुमार ने कहा कि बरामद हुए पेड़ों की मार्किंग की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। वन विभाग की ओर से खेजड़ी के पेड़ काटकर लाने वाले व आरा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

## शिव भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

● महाशिवरात्रि पर मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लम्बी लाइनें





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शहर में सुबह से शिवालय व शिव मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी लाइनें लगी गई। शिव भक्त जयकारों के साथ मंदिरों में शिव दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है। जिला मुख्यालय पर शिवालय, कोड़िया वाली पुली स्थित शिव मंदिर, अंध विद्यालय शिव मंदिर, बालाजी धाम सहित अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावा जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए। शिवालय में शिव दर्शन के लिए लगी भक्तों की लंबी कतारें। मंदिरों में शिव भगवान दूध से अभिषेक किया गया तथा बेलपत्र, फूल, भांग-धतूरा का प्रसाद चढ़ाया गया। श्रद्धालु सुबह से ही बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा के लिए लाइनों में लगने शुरू हो गए थे। कोडा चौक व बस स्टैंड के नजदीक शिवालय की तरफ जाने वाले मार्ग पर ट्रेफिक को वनवे एक भक्तों की लम्बी लाइनें लगवाई गई तथा पुलिस जाब्ता तैनात रहा। शिवालय के नजदीक अमरनाथ लंगर सेवा समिति की ओर से शिव मंदिर के बाहर लंगर लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने शिव भोले का प्रसाद ग्रहण किया।

## बजट के बाद क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एक्शन मोड में सीएम भजनलाल

● 5-5 विधायकों का ग्रुप बनाकर एक मंत्री करेंगे अटैच ● बीजेपी के सभी विधायकों को मिलेगी जिम्मेदारी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने 2025-26 का बजट पेश करने के तुरंत बाद एक्शन मोड में काम शुरू कर दिया है। बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए सीएम कार्यालय (सीएमओ) पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। सीएम भजनलाल ने मंत्रियों और अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि बजट घोषणाओं का त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सूत्रों के अनुसार सीएम भजनलाल शर्मा ने बीजेपी विधायकों को भी अहम जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। इसके तहत 5-5 विधायकों के ग्रुप बनाए जाएंगे। हर ग्रुप के साथ एक मंत्री को अटैच किया जाएगा। विभागीय कामों में तेजी लाने के लिए यह ग्रुप काम करेगा। जनता के मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक अलग-अलग राज्यों का दौरा कर नवाचार की जानकारी लेंगे। इस फैसले से जहां



मंत्रियों पर काम का दबाव कम होगा, वहीं विधायकों को भी महत्वपूर्ण भूमिका मिलेगी। सरकार का मानना है कि इससे न केवल बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन होगा, बल्कि जनता को योजनाओं का लाभ भी जल्दी मिलेगा। सीएम भजनलाल शर्मा के इस फैसले से विधायकों में उत्साह है। उन्हें पहली बार इतने बड़े स्तर पर जिम्मेदारी दी गई है, जिससे उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होगी और जनता के मुद्दों का समाधान भी तेजी से किया जाएगा। वहीं, ये भी जानकारी मिल रही है कि इस बार मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) खुद कलेक्टर और विभागीय अधिकारियों से सीधे संपर्क कर रहा है। हर घोषणा को लेकर समयसीमा तय की जा रही है और क्रियान्वयन की रिपोर्ट सीएमओ को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, राजस्थान में इससे पहले इतने बड़े स्तर पर बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग कभी नहीं हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय हर जिले के कलेक्टर से सीधे प्लान मांग रहा है और योजनाओं को तय समय पर लागू करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। बताते चलें कि इससे पहले बजट को धरातल पर उतारने के लिए प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करने के लिए भेजा गया था, जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी योजनाएं सही समय पर लागू हों। गौरतलब है कि सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार तेजी से विकास कार्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। बजट घोषणाओं को समय पर लागू करने के लिए जिस तरह से सीएमओ हर स्तर पर निगरानी कर रहा है, वह अपने आप में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। क्योंकि इससे बजट घोषणाओं का तेज क्रियान्वयन होगा और जनता को योजनाओं का लाभ जल्दी मिलेगा।

शोक संदेश



स्व. श्रीमती विमला देवी

आपको बड़े दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी श्रीमती विमला देवी का निधन आज बुधवार 26 फरवरी हो गया है गया, जिनंकी अंतिम हमारे निवास स्थान 85 थर्ड ब्लॉक, वार्ड नं. 22, ग्रीन पार्क के नजदीक, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर से शाम 4 बजे रवाना होकर पदमपुर रोड स्थित कल्याण भूमि पहुंचेगी।

श्रवण सोनी (पुत्र) 94142-10294 | प्रदीप कुमार सोनी (पौत्र) 94143-58399

## सम्पादकीय

# होती है असली परीक्षा

टैक्स को लेकर नियम

ब्रिटेन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब बीस अरब डालर का व्यापार होता है। दोनों इसे कम से कम दो गुना तक बढ़ाना चाहते हैं। इस संबंध में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर पिछले चार वर्षों से बातचीत चल रही है। भारत और ब्रिटेन के बीच एक बार फिर मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत का सिलसिला शुरू होने जा रहा है। ब्रिटेन इसे लेकर उत्साहित है और उसे उम्मीद है कि अगले दस वर्षों में दोनों देशों के बीच व्यापार दो से तीन गुना तक बढ़ सकता है। इस बातचीत के किसी सार्थक नतीजे पर पहुंचने की उम्मीद इसलिए भी जताई जा रही है कि अमेरिका अपनी शुल्क नीति को लेकर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। ट्रंप प्रशासन ने घोषणा कर रखी है कि जो हम पर जितना शुल्क लगाएगा, हम भी उस पर उतना ही शुल्क लगाएंगे। इससे कई देशों के सामने व्यापार में घाटे का संकट पैदा हो गया है। हालांकि चीन ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि वह इस मसले को विश्व व्यापार संगठन में उठाएगा, क्योंकि अमेरिका की शुल्क नीति विश्व व्यापार नियमों के विरुद्ध है। पर अमेरिका के रुख में कोई नरमी नजर नहीं आ रही। ऐसे में कई देश वैकल्पिक बाजार की तलाश में हैं। भारत को भी विकल्पों की तलाश है। ऐसे में, उन्हीं देशों के साथ व्यापार ब?ाने का प्रयास सफल हो सकता है, जिनके साथ पहले से व्यापारिक संबंध मजबूत हैं। ब्रिटेन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध बहुत पुराने और मजबूत हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब बीस अरब डालर का व्यापार होता है। दोनों इसे कम से कम दो गुना तक ब?ाना चाहते हैं। इस संबंध में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर पिछले चार वर्षों से बातचीत चल रही है। अब तक दस दौर की बात हो भी चुकी है। आम चुनाव के चलते यह सिलसिला रुक गया था। ब्रिटिश व्यापार सचिव की भारत यात्रा के बाद उसके फिर से शुरू होने पर सहमति बनी है। मुक्त व्यापार समझौते से स्वाभाविक रूप से दोनों के बीच व्यापार बढ़ेगा। उसके बाद दोनों देश एक-दूसरे के उत्पाद पर नाममात्र का शुल्क लगाएंगे। फिर, भारत और ब्रिटेन इस वक्त अपने विनिर्माण क्षेत्र में आई सुस्ती से पार पाने के उपाय तलाश रहे हैं।

# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा

भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है।

महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है। उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है-आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते है, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं। शिव की उपासना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, शांति और संयम स्थापित करने का एक प्रयास भी है। महाशिवरात्रि हमें यह बोध कराती है कि शिव हमारे भीतर हैं, वे हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे आचरण में हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक रात्रि का पर्व नहीं, एक निरंतर चलने वाली यात्रा है-आध्यात्मिक जागरण की, आत्मसाक्षात्कार की और शिवत्व की ओर बढ़ने की।

# ध्यान, योग व आत्म-साक्षात्कार की रात

महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को होगी। महाशिवरात्रि का तात्पर्य 'शिव की महान रात्रि' से है और इस अवसर पर शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भक्त इस पर्व को बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। शिवभक्त इस दिन उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भजन-कीर्तन द्वारा भगवान शिव की स्तुति करते हैं। महाशिवरात्रि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्म पुराण में इस पर्व का विशेष वर्णन किया गया है। शिव पुराण के अनुसार, इस दिन शिवलिंग की पूजा करने से समस्त दोष समाप्त होते हैं और साधक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है और उनकी समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन पूरी रात जागरण करता है और भगवान शिव का ध्यान करता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक जागृति की रात भी माना जाता है। इस रात ध्यान और योग करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह रात ध्यान और चिंतन के लिए भी बहुत अच्छी है। शैव परंपरा में तो महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात को भगवान शिव की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर भारत के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर, तिरुवन्नामलाई तथा अन्य प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भारत में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर विशेष मेलों का भी आयोजन किया जाता है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इस दिन भक्तों से खचाखच भरा रहता है और काशी में शिव भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में इस दिन विशेष अनुष्ठान होते हैं। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होता है। शिव अनादि हैं, शिव अविनाशी हैं और उनकी आराधना मोक्ष और परम आनंद की ओर ले जाती है। शिव को ध्यान और योग का आदिगुरु माना जाता है। शिव का शांत



स्वरूप हमें धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है जबकि उनके रुद्र रूप से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शिव अर्धनारीश्वर के रूप में यह संदेश देते हैं कि स्त्री और पुरुष समान हैं और दोनों का समभाव में रहना आवश्यक है। उनके गले में सर्प हमें यह सिखाते हैं कि भय से मुक्त होकर जीवन जीना चाहिए। शिव का त्रिनेत्र ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रतीक है और उनका डमरू सृष्टि की अनाहत ध्वनि का संकेत देता है। महाशिवरात्रि का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक भी है।

यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए बल्कि शिव की तरह धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। शिव हमें यह भी सिखाते हैं कि अहंकार को त्यागकर विनम्रता को अपनाना चाहिए क्योंकि सच्ची शक्ति विनम्रता में ही निहित होती है। शिव अपने गणों और भक्तों को समान दृष्टि से देखते हैं, जिससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। महाशिवरात्रि हमें भक्ति, ध्यान और आत्म संयम का संदेश देती है। यह पर्व हमें शिव के अद्वितीय स्वरूप को समझने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव हमें सिखाते हैं कि सादगी और सरलता ही जीवन का सार है और सच्ची भक्ति वही है, जो अहंकार और आसक्ति से मुक्त हो। महाशिवरात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से अमृत के साथ विष (हलाहल) भी निकला था। उस विष से समस्त सृष्टि के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था और वे 'नीलकंठ' कहलाए। उस घटना की स्मृति में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। महाशिवरात्रि केवल शिव की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि यह जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने और आत्मचिंतन करने का भी अवसर है। भगवान शिव को 'संहार का देवता' कहा जाता है लेकिन उनका संहार विनाश नहीं बल्कि नवीनीकरण का प्रतीक है। शिव का तांडव नृत्य न केवल विनाश का बल्कि सृजन का भी द्योतक है। यह पर्व हमें जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है और शिक्षा देता है कि नकारात्मकता से बाहर निकलकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना ही सच्चा शिवत्व है। महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि इस दिन पृथ्वी की ऊर्जा विशेष रूप से शिव तत्व से प्रभावित होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह समय ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रवाह का काल होता है, जब ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। योगी और साधक इस अवसर का उपयोग आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए करते हैं।

इस रात ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जो मानव शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रात्रि जागरण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और ध्यान तथा साधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का अद्भुत संगम है। यह पर्व हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शिव की आराधना से व्यक्ति न केवल सांसारिक जीवन में सुख प्राप्त करता है बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी करता है। इसलिए, महाशिवरात्रि के दिव्य अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सकारात्मकता को अपनाएंगे, आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे और शिव के आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

# एक साल में दोगुने से ज्यादा हुए डेंगू केस

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, उत्तर और दक्षिण अमेरिका में डेंगू के मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है। यहां 2023 में डेंगू के कुल 41 लाख केस सामने आए थे, वहीं 2024 में ये बढ़कर 1 करोड़ 60 लाख से ज्यादा हो गए। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, साल 2024 में पूरी दुनिया में 1.4 करोड़ से ज्यादा डेंगू के मामले दर्ज किए गए और इनमें से 10,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पूरी दुनिया में डेंगू केसेज की असल संख्या रजिस्टर हुए केसेज की संख्या से कहीं ज्यादा है, क्योंकि बहुत से लोग इलाज के लिए अस्पताल नहीं जाते। अनुमान है कि पूरी दुनिया में हर साल लगभग 40 करोड़ लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। साइंस जर्नल 'नेचर' में पब्लिश फिलीपींस और प्यूर्तो रिको की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेम्प्रेचर बढ़ने से डेंगू के मामले भी बढ़ते हैं। वहीं भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पिछले 10-15 वर्षों में भारत के तापमान में 5-7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि भारत में भी डेंगू का जोखिम बढ़ रहा है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के मुताबिक, भारत में साल 2024 में 31 अक्टूबर तक डेंगू के कुल 1 लाख 86 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुए। जबकि, इनमें से 160 लोगों की मौत हो गई। भारत में बीते कुछ साल में डेंगू के मामले बढ़े हैं। हालांकि, साल 2020 में बहुत कम केस दर्ज हुए। इसकी वजह ये है कि भारत में उस समय कोविड का प्रकोप था। इस दौरान ज्यादातर बीमारियों के मामले कम दर्ज हुए। डेंगू के बुखार को ब्रेक बोन फीवर भी कहते हैं क्योंकि इसमें बुखार के साथ मसल्स, सिर और जोड़ों में तेज दर्द होता है। बुखार के साथ शरीर में लाल रंग के चकत्ते इसका बड़ा संकेत है। डेंगू वेक्टर बोन डिजीज है। इसे फैलाने वाले एडीस मच्छर दिन में ज्यादा एक्टिव रहते हैं। उसमें भी खासतौर पर सुबह और शाम को ज्यादा सक्रिय होते हैं। अगर कोई व्यक्ति डेंगू से संक्रमित है और एडीस मच्छर उसे काटता है तो यह मच्छर संक्रमित हो जाता है। फिर यह संक्रमित मच्छर जब किसी अन्य व्यक्ति को काटता है तो वह भी संक्रमित हो जाता है। डेंगू का कोई खास इलाज नहीं है। इसके लिए कोई एंटीवायरल दवा उपलब्ध नहीं है। इसके ट्रीटमेंट में बुखार और दर्द के लक्षण कम करने के लिए दवा दी जाती है और देखभाल की जाती है। इससे ज्यादातर लोग ठीक हो जाते हैं। कुछ मामलों में इसके लक्षण गंभीर हो सकते हैं। इसे सीवियर डेंगू कहते हैं। इसे मेडिसिन की भाषा में डेंगू शॉक सिंड्रोम (डीएसएस) या डेंगू हेमरेजिक फीवरभी कहा जाता है। इसमें प्लेटलेट्स और व्हाइट



ब्लड सेल्स की संख्या बहुत कम हो जाती है। साथ ही नाक से, मसूड़ों से या मल से खून आ सकता है। ऐसी कंडीशन में समय पर इलाज न मिलने पर पेशेंट की मौत भी हो सकती है। ऐसे लक्षण दिखने पर पेशेंट को तुरंत हॉस्पिटल लेकर जाएं। भारत में आमतौर पर मानसून के दौरान डेंगू के मामले बढ़ते हैं। हालांकि, गर्मियों में कूलर में भरे पानी में भी एडीस मच्छर पनप सकते हैं और संक्रमण फैला सकते हैं। इसलिए समय-समय पर कूलर का पानी बदलते रहें। इसके अलावा घर के आसपास गमलों, बाल्टियों, पुराने टायरों या छत के कोनों में पानी जमा न होने दें। इसके अलावा सोने से पहले मच्छरदानी जरूर इस्तेमाल करें। डेंगू का इन्फेक्शन एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। यह संक्रमित एडीस मच्छर के काटने से ही फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या छूने से डेंगू नहीं फैलता है। डेंगू वायरस के लिए कोई खास दवा नहीं है। इसलिए बुखार और मसल्स का दर्द कम करने के लिए दवाएं दी जाती हैं। हालांकि, इसके कुछ मामलों में लक्षण गंभीर हो सकते हैं। इसलिए डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा नहीं लेनी चाहिए। डेंगू के इलाज के दौरान प्लेटलेट्स की नियमित मॉनिटरिंग बहुत जरूरी है क्योंकि डेंगू बुखार होने पर ब्लड में प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। प्लेटलेट्स की संख्या 40 हजार से कम होना खतरे का संकेत है। बहुत कम होने पर ब्लीडिंग शुरू हो सकती है और पेशेंट की मौत हो सकती है। डेंगू के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर दिन में दो बार प्लेटलेट्स काउंट चेक किया जाता है। इनकी संख्या 40 हजार से कम होने पर तुरंत प्लेटलेट्स चढ़ाए जाते हैं। इसलिए अगर कोई डेंगू के लिए अस्पताल में भर्ती है तो ब्लड डोनर्स का एडवांस में इंतजाम करके रखें। कभी भी इसकी जरूरत पड़ सकती है। आमतौर पर डेंगू संक्रमण की पुष्टि के लिए डॉक्टर ब्लड टेस्ट करते हैं। संक्रमण के शुरुआती दिनों में एनएस1 एंटीजन या आरटी-पीसीआर टेस्ट किए जाते हैं। अगर संक्रमण हुए 5 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं तो ड्ढद्दरू और ड्ढद्दत्र एंटीबॉडी टेस्ट किया जाता है। इसमें यह पता लगाया जाता है कि डेंगू वायरस के संक्रमण से इम्यून सिस्टम को कितना नुकसान हुआ है। इसके अलावा सीबीसी टेस्ट से प्लेटलेट्स काउंट भी पता किया जाता है। डेंगू होने पर नारियल पानी, मौसमी फल, सूप और हल्का भोजन प्लेटलेट्स बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान संतरा, कीवी और नींबू जैसे फल खा सकते हैं। इससे इम्यूनिटी बढ़ती है। पपीते की पत्तियां भी फायदेमंद होती हैं। इनमें एसिटोजेनिन होता है, जिससे तेजी से प्लेटलेट्स बढ़ते हैं। नींबू पानी, नारियल पानी और छाछ या लस्सी भी पी सकते हैं। इससे शरीर हाइड्रेटेड भी रहता है।

जनमार्ग सिटी न्यूज
JANMARG news
श्रीगंगानगर, बुधवार, 26 फरवरी 2025
» रायसिंहनगर » गजसिंहपुर » सादुलशहर » अनूपगढ़ » रामसिंहपुर » जैतसर » पक्कासहारणा » केसरीसिंहपुर » पदमपुर » लालगढ़ » मांझूवास » फकीरवाली » श्रीबिजयनगर


# सांवरा सेठ मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 6 को

## मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. मंजू होगी

जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** गांव 23 जीजी चूनावढ कोठी की जय को श्री कृष्ण गौशाला में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा 6 मार्च को होगी पूजन 1 मार्च को शुरू होंगे गौशाला के अध्यक्ष अनिल सरावगी ने बताया कि 1 मार्च और 2 मार्च को जय श्री राम सकीर्तन मंडल की ओर से सकीर्तन होगा तीन और चार मार्च को अर्ध रात्रि से कीर्तन होंगे 3 मार्च को श्री श्याम हनुमान मंडल व 4 मार्च को झांकी वाले बालाजी भजन मंडल जागरण करेगा मंदिर में नरमईश्वर महादेव पर अर्पित करने के लिए जग कल्याणी गो सेवा संघ के सदस्य हरिद्वार से कावड़ लाएगे सालासर से सांवरा सेठ की ज्योत लाई जाएगी इस दौरान खाटू धाम के मोहनदास महाराज श्रीगंगानगर के ब्रह्मचारी कल्याण स्वरूप दास श्री जगदंबा अंदर एवं मुकबधिर विद्यालय के स्वामी निजानंद सालासर धाम के पुजारी विकास आएंगे पंडित सतपाल पाराशर की सानिध्य में 1 मार्च को देव पूजन 2 मार्च को जलाधिवा,स 3 मार्च को अन्नाधिवास 5 मार्च को महास्नान शोभा यात्रा और 6 मार्च को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसके मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉक्टर मंजू होगी विशिष्ट अतिथि विधायक जयदीप बिहानी पूर्व विधायक राजकुमार गौड़. कॉलोनाइजर मुकेश शाह समाजसेवी अशोक चांडक बलराज मित्तल टाटिया यूनिवर्सिटी के वॉइस चेयरपर्सन डॉक्टर मोहित टाटीया, डॉक्टर शैलेश गोयल और अरविंद गोदारा होंगे गौशाला के अध्यक्ष अनिल सरावगी ने बताया कि इस गौशाला में 400 गौमाता मौजूद हैं जिसमें एक नेपाल से नंदी देव लाया गया है जिसको देव के नाम से पुकारते ही दौड़ा चला आता है जिसके दर्शन करके लोग निहाल हो रहे हैं।



# भामाशाहों की विशेष उपलब्धि पर उड़ान कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महात्मा गाँधी विद्यालय नं. 5 पुलिस लाईन श्रीगंगानगर में भामाशाहों की विशेष उपलब्धि पर उड़ान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट विनोद गोयल, श्रीमती रेणु अग्रवाल, बलजीत सिंह राणा थे। अध्यक्षता तेजप्रताप सिंह अतिरिक्त परियोजना समन्वयक थे। स्वागताध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य रिम्पा तलवार, कार्यक्रम संयोजक जगीरचन्द फरमा, सह-संयोजक मनीराम सेतिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन ओमप्रकाश मीना व मुख्य वक्ता डॉ. पी.सी. आचार्य, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा गर्ग, ओमप्रकाश मीना, रामदास बंसल, इन्दूभूषण चावला, महावीर, राजेन्द्र आर्य, गोल्डी पाहूजा, श्रीमती सरोज, सुश्री ज्योति थे मंच संचालन मनीभद्र, मधुसुदन, श्रीमती पूजा लड्ढा व अर्जुन चौहान ने किया। अतिथियों के आगमन के समय ढोल व फूलों की वर्षा के साथ मंच पर नाचते-गाते लाया गया।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से माला पहनाकर व गुलदस्ते भेंट कर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्वागत गीत व शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



रिम्पा तलवार प्रधानाचार्य ने भामाशाह विनोद कुमार गोयल को स्काउट के लिए राज्य स्तरीय धन्यवाद बैच से राज्यपाल द्वारा अलंकृत किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उन्होंने श्रीगंगानगर का नाम रोशन किया है। श्री गोयल पूर्व में स्काउट के लिए राष्ट्रपति से भी पुरस्कृत हो चुके हैं। श्रीमती रेणु अग्रवाल जिन्होंने शिक्षा के साथ श्रीगंगानगर के विकास को नई दिशा देने वाले नायकों में श्रीगंगानगर विकास मंच द्वारा सम्मानित किया गया वे भी विद्यालय की भामाशाह हैं उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दी। तेजप्रताप सिंह ने विद्यालय के भामाशाह विनोद गोयल एवं श्रीमती रेणु अग्रवाल को शिक्षा विभाग की ओर से शुभकामनाएँ दी। विनोद कुमार गोयल ने स्काउट एवं गाइड का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानन्द ने लिखा है कि मनुष्य ही परमात्मा का साक्षात मंदिर है इसलिए साकार देवता की पूजा करें। हम अपने बालक रूपी भगवान के पुजारी हैं हम अपने बालक रूपी भगवान को प्रसन्न करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में उनकी समस्याओं को दूर करना है। मुख्य वक्ता डॉ. पी.सी. आचार्य जन सम्पर्क अधिकारी टांटिया यूनिवर्सिटी ने कहा कि अनुशासन के द्वारा ही सफलता के शिखर पर पहुँचा जा सकता है। अनुशासित होकर हम अदभुत आत्मविश्वास एवं साहस के बल से सही मायने में एक शाश्वत प्रतिभा द्वारा अपने जीवन को ऊचाईयों के शिखर पर ले जा सकते हैं। श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विश्व मानवाधिकारों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मानव परिवारों के सभी सदस्यों के जन्मजात गौरव, सम्मान तथा अविच्छिन अधिकार की स्वीकृति ही विश्व शांति, न्याय और स्वतंत्रता की बुनियाद है। अतः सम्पूर्ण मानवता की रक्षा के लिए विश्व समुदाय को खुलकर मानवाधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में जगीरचन्द फरमा, बलजीत सिंह राणा, मनीराम सेतिया द्वारा विद्यालय विकास में भामाशाहों के सहयोग पर विस्तारपूर्वक बताया व शिक्षा के मंदिरों की देखभाल हेतु प्रेरित किया। रामकुमार वर्मा ने स्काउट-गाइड के कर्त्तव्यों व इससे होने वाले लाभों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# पावन धाम मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रृद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



## शाम को भोलेनाथ का श्रृंगार व रूद्राभिषेक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महावीर कालोनी स्थित श्री रामदूत हनुमान सेवा संस्थान (ट्रस्ट) द्वारा संचालित पावन धाम मन्दिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार सुबह शिवरात्रि व्रत रखने वाले भक्तों को साबूदाने की खीर का प्रसाद वितरित किया गया।मन्दिर अध्यक्ष अशोक परूथी ने बताया कि महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में सुबह जल्दी ही मन्दिर में भोले बाबा के दर्शनों व जलाभिषेक करने के लिए श्रृद्धालुओं के पंहुचने का सिलसिला शुरू हो गया जोकि देर रात तक जारी रहेगा। ट्रस्ट सचिव टीकम चंद गर्ग ने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर पूरे दिन श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा तथा रात्रि 8 बजे रुद्राभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात भोले बाबा के भव्य श्रृंगार के उपरांत महाआरती की जाएगी और देर रात तक भोले बाबा के दर्शनों के लिए मन्दिर के कपाट खुले रहेंगे।

# ज्वेलरी शॉप में गन पॉइंट पर 16 लाख की लूट

**सीवान ( जनमार्ग न्यूज )।** सीवान में मंगलवार को अपराधियों ने ज्वेलरी शॉप में 16 लाख से ज्यादा की लूट की है। लूट की ये पूरी वारदात ज्वेलरी शॉप के सीसीटीवी में कैद हुई है। इसमें 6 अपराधी नजर आ रहे हैं। पहले एक अंदर घुसते ही ज्वेलरी शॉप के मालिक को बिठाकर गन पॉइंट पर ले लेता है। लूट कर के भागने तक वो सिर पर पिस्टल तान कर रखता है। इस दौरान उसके बाकी साथी एक बोरी में ज्वेलरी रखते जाते हैं। 1 मिनट 37 सेकेंड में अपराधी लूट की वारदात को अंजाम देकर निकल जाते हैं। ये लूट भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में हुई है।

# गुरुद्वारा अमर शहीद बाबा जीवन सिंह में हैड प्रचारक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** गुरुद्वारा अमर शहीद बाबा जीवन सिंह, सिविल लाइन बाईपास हनुमानगढ़ जंक्शन में नियुक्त दशमेश तरनादल के हैड प्रचारक मनदीप सिंह विद्यार्थी के खिलाफ सिख संगत ने कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनदीप सिंह, जो कि पहले से शादीशुदा हैं और जिनकी पत्नी चरणजीत कौर व संताने हैं, उन पर दो अन्य महिलाओं को साथ रखने का आरोप है। इनमें प्रभवजीत डोली (उम्र 50 वर्ष, निवासी पुणे, महाराष्ट्र), जो दो बच्चों की माता हैं, और सरबजीत कौर (उम्र 42 वर्ष, निवासी कोट बुढ्डा, तहसील पट्टी, जिला तरनतारण, पंजाब), जो पांच बच्चों की माता हैं, शामिल हैं। आरोप है कि मनदीप सिंह अपने धार्मिक पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और सिख धर्म की मर्यादा को भंग कर रहे हैं। हनुमानगढ़ जंक्शन की सिख संगत ने विरोध जताते हुए मांग की है कि या तो मनदीप सिंह इन महिलाओं का परित्याग करें या फिर धार्मिक पद से इस्तीफा दें। प्रार्थी जस्सा सिंह और बुटा सिंह जत्थेदार ने पुलिस थाना हनुमानगढ़ में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, जब इस विषय में मनदीप सिंह को समझाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन के माध्यम से धमकियां दीं। उन्होंने प्रार्थियों को क्राइम ब्रांच से रेड पड़वाने, जेल भिजवाने और जान से मरवाने की धमकी दी। सिख संगत ने आरोप लगाया कि यदि उनके साथ कोई अनहोनी घटना घटती है तो उसकी जिम्मेदारी मनदीप सिंह की होगी। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि मनदीप सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए और उन्हें धार्मिक पद छोड़ने के लिए कहा जाए।



# राइसेम में कार्यशालाओं का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंधन संस्थान (राइसेम) द्वारा 21 से 25 फरवरी तक विभिन्न विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अरबन कॉपरेटिव बैंकों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सहकारिता अधिनियम एवं नियम, बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट एवं अन्य प्रावधानों पर ये कार्यशालाएं आयोजित की गई। कार्यशालाओं में 'सहकार से समृद्धि' एवं सहकारिता में सहकार के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। सहकारिता विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मानव संसाधन विकास) एवं निदेशक, राइसेम द्वारा सहकार से समृद्धि के 54 नवाचारों के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, साइबर पॉलिसी एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी भी दी गई। कार्यशालाओं में राइसेम के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

# महाशिवरात्रि पर शोभा यात्रा निकाली



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे के वार्ड नंबर 2 में वाटर वर्क्स के पास गोगामेड़ी प्रांगण में स्थित शिव भोलेनाथ के मंदिर से मंगलवार को भोले नाथ की बरात निकाली गई यह शोभा यात्रा मेंन बाजार से बस स्टैंड से अन्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर में पहुंची इस भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया डीजे की धुन पर भक्तों ने डांस किया और बाबा भोलेनाथ के जयकारे गूंजे इस दौरान झांकी ग्रुप पार्टी ने भोले शंकर की विभिन्न तरह की झांकियां प्रस्तुत की गई मंदिर के पुजारी शंकर लाल ने बताया कि बुधवार महाशिवरात्रि को भोलेनाथ का जागरण मैं बाहर से आए लोक गायक कलाकार बाबा का गुणगान करेंगे इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरतेगा।

# प्रदेश भर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स होंगे संगठित

## 17 मार्च को आमसभा होगी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान पेंशनर समाज के बैनर तले जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाने को लेकर उन्हें संगठित करने के उद्देश्य से होली के बाद सोमवार, 17 मार्च 2025 को स्थानीय एल ब्लॉक हनुमान मंदिर में दोपहर 12 बजे एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। मीटिंग के संयोजक पूर्व पार्षद संदीप शर्मा एवं राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश महामंत्री एवम् जिलाध्यक्ष किशन शर्मा ने सभी विधवा/परित्यक्त पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, लेने वाले पेंशनरों से अनुरोध किया है कि वे इस मीटिंग में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स के भुगतान आदि का सारा कार्य आजकल जयपुर से होता है इसलिए इन्हें संगठित होना आवश्यक है जिससे उनकी समस्याओं का निवारण और अन्य और अधिक लाभ लेने के लिए संघर्ष किया जा सके। संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद संदीप शर्मा ने बताया कि राजस्थान पेंशनर समाज प्रदेश भर में सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स को संगठित करने जा रहा है ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण करवाया जा सके। अभी गत दिनों बजट प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए अपनी मांगों के साथ राजस्थान पेंशनर समाज ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी से मिलकर सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स की पेंशन बढ़ाने व उन्हें सुरक्षा , चिकित्सा सुलभ करवाने की मांग की थी।

# हॉकी प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर जिला वूमेन हॉकी सेमीफाईनल तक पहुंची

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राज्य स्तरीय सीनियर वूमेन हॉकी प्रतियोगिता 23 फरवरी से 25 फरवरी तक सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित हुई। जिला हॉकी संघ के सचिव देवेन्द्रसिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर वूमेन हॉकी टीम का प्री क्वाटर मैच सिरोही जिले की टीम के साथ हुआ जो श्रीगंगानगर की टीम ने 7-0 से जीता। इस मैच में नैशनल कांस्य पदक विजेता श्रीगंगानगर निवासी टीम की कप्तान प्रियंका ने 5 गोल किए। इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार एवं राजस्थान स्पोटर्स काउंसिल के चेयरमैन थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन बालमुकन्द आचार्य विधायक हवा महल जयपुर व चीफ पैटर्न राजस्थान हॉकी ने किया। प्रतियोगिता में राजस्थान हॉकी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, सचिव रंजीताराम बिश्नोई एवं एम्पायरिंग कमेटी के चेयरमैन जिला हॉकी संघ अजमेर के सचिव खलिकनूर तथा अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी दलजिन्द्र सिंह एवं ओर्गेनाईजर सैकेटरी पवित्र बिश्नोई के अलावा कई जिलों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे। देवेन्द्र सिंह ने बताया कि श्रीगंगानगर टीम का क्वाटर फाईनल मैच अलवर जिले की टीम से हुआ जिसे श्रीगंगानगर की टीम ने 4-1 से जीता। इस मैच में भी गंगानगर वूमेन हॉकी टीम की कप्तान प्रियंका ने 3 गोल किए। देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सेमीफाईनल मैच राज्य सरकार की हॉकी एकेडमी अजमेर से हुआ जो पूरे वर्ष अजमेर एस्ट्रोटर्फ पर अभ्यास करती है । जबकि श्रीगंगानगर की टीम पहली बार एस्ट्रोटर्फ पर खेली थी गंगानगर टीम ने मैच में अच्छा प्रदर्शन किया व अजमेर एकेडमी से 3-0 से हार गई। टीम के साथ मैनेजर बेगराज, कोच दुर्गेश पदमपुर कपिल शर्मा रायसिंहनगर एवं श्रीगंगानगर के हॉकी कोच एनआईएस एण्ड नैशनल गोल्ड मैडलिस्ट संकल्पसिंह थे।



# 7 करोड़ से बनेंगे दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट



जनमार्ग न्यूज

**बुरहानपुर।** नेपानगर में स्वच्छ भारत मिशन 2 के तहत नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने की पहल शुरू हो गई है। शहर में 7 करोड़ रुपए की लागत से दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे। पहला प्लांट मसक नदी क्षेत्र में बनेगा। दूसरा पांधार एरिया में स्थापित किया जाएगा। इन प्लांट से शहर के नाले और नालियों को जोड़ा जाएगा। गंदा पानी प्लांट में पास होकर मसक, ताप्ती और पांधार नदी में जाएगा। वर्तमान में शहर का अशुद्ध जल सीधे नदियों में मिल रहा है। इससे जल प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। नए प्लांट से न केवल नदियां स्वच्छ होंगी, बल्कि जीव-जंतुओं को भी साफ जल मिलेगा। साथ ही घरेलू जल आपूर्ति की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। नगर पालिका के इंजीनियर प्रकाश बड़वाहे के अनुसार, प्लांट के लिए मंगलवार से सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे चार दिन तक चलेगा। बुधवार को भी सर्वे होगा। इस परियोजना से भविष्य में नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

# बेटी जैसी छात्रा को संस्कृत प्रोफेसर ने जबरन किया किस

## बीए स्टूडेंट बोली- विरोध किया तो मुझे 20 रुपए देकर शांत करने लगे; केस दर्ज

जनमार्ग न्यूज



**चंदौली।** चंदौली में 19 साल की छात्रा ने एक प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रा ने कहा, प्रोफेसर ने मुझे केबिन में बुलाकर जबरन किस किया। मेरे साथ बैड-टच किया। जब मैंने विरोध किया तो मुझे 20 रुपए देकर शांत करने की कोशिश की। मुझसे कहा कि तुम पैसे ले लो और ये बात किसी को मत बताना। ये पूरा मामला चंदौली के सकलडीहा के एक पीजी कॉलेज का है। मंगलवार को छात्रा अपने परिवार और छात्र नेताओं के साथ सीओ कार्यालय पहुंची और पूरे मामले की शिकायत की। पुलिस ने मंगलवार देर रात आरोपी प्रोफेसर उदय शंकर झां (56) पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल प्रदीप कुमार पांडेय ने इस मामले में प्रोफेसर का बचाव किया है। प्रिंसिपल प्रदीप कुमार पांडेय का कहना है, कॉलेज में एग्जाम चल रहे हैं। अभी 2 दिन पहले ही कॉलेज के कुछ छात्रों पर हंगामा करने के आरोप में केस दर्ज करवाया गया है। वही छात्र अब लड़की को आगे करके केस को दबाना चाहते हैं। शिकायत करने वाली छात्रा कॉलेज से बीए कर रही है। बता दें, आरोपी प्रोफेसर उदय शंकर झां बिहार के रहने वाले हैं। वो काफी समय से इस कॉलेज में पढ़ा रहे हैं। वो संस्कृत के प्रोफेसर हैं। प्रोफेसर परिवार के साथ वाराणसी में रहते हैं। रोज चंदौली आते-जाते हैं। अभी 2 साल पहले प्रोफेसर ने अपनी बेटी की शादी की है। उनका 1 बेटा भी है। छात्रा ने बताया, मैं सोमवार को कॉलेज में असाइनमेंट जमा करने गई थी। मुझसे असाइनमेंट लेने के बाद प्रोफेसर ने मुझसे धीरे से अपने केबिन में चलने के लिए बोला। जब मैं प्रोफेसर के केबिन में गई तो वो मुझसे अश्लील बातें करने लगा। मुझे अपना नंबर देकर बोला, रात में हमको मैसेज करना। हम तुमको होटल ले चलेगें। कहीं बढ़िया जगह घूमाकर लाएगें। जब यह घटना हुई तो मैं कमरे में अकेली थी। उसकी बातें सुनकर मैं डर गई और कमरे से जाने लगी तो प्रोफेसर ने मेरा हाथ पकड़कर मुझे अपनी तरफ खींच लिया। उसके बाद इधर-उधर मुझे टच करने लगा। जब मैंने विरोध किया तो वो मुझे पैसे देकर बोला, और पैसे देंगे लेकिन ये सब किसी को बताना नहीं। मैंने घर आकर परिवार के लोगों को पूरी बात बताई।

# शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में भोले की निकली बारात

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** प्राचीन शिवालय सुरतेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय भव्य शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में भोले की निकली बारात शोभा यात्रा निकल गई। अतिथि पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष काजल छाबड़ा, पूर्व प्रधान बिरमा देवी नायक, भाजपा युवा नेता संदीप कासनिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गौरव बलाना, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, कांग्रेस युवा नेता योगेश मेघवाल, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेदर, मुरलीधर पारीक, जयप्रकाश सरावगी, मुरलीधर पारीक, खुशाल सिंह राठौड़, राहुल शर्मा ने शिव भोले बाबा की आरती करके शिव ध्वज लहराकर भोले बाबा की शोभायात्रा बारात पर पुष्प वर्षा करके रवाना किया। प्राचीन शिवालय सुरतेश्वर महादेव मंदिर गणेश मंदिर ढाब से शुरू हुई शोभायात्रा भोले की बारात में सज-धज कर भजनों व भोलेनाथ के गूंजते जयकारों के साथ बैंड बाजे और डीजे पर भोले के भक्त नाचते हुए भोले की बारात शोभायात्रा में शामिल हुए।

बैंडबाजे व डीजे पर बजते बाबा के भजनों पर नाचे भोले के भक्त, पुष्पवर्षा से जगह-जगह हुआ नगरफेरी का स्वागत। शिवभक्त मंडली की ओर से 3 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष में भोले की नगर फेरी निकली गई नगर फेरी में घोड़ियों पर दुर्गास्वरूपा कन्याएं सवार थी। रथ में शिव-पार्वती एवं बाहुबली बालाजी की सचेतन झांकी मुख्य आकर्षण रही। महिला-पुरूष, युवा व बच्चे शिव भोले बाबा की ध्वजा लहराकर डीजे पर नाचते नगरफेरी में शामिल हुए। श्रीसूरतेश्वर महादेव मंदिर से बाबा की ध्वज पूजा व शिव-पार्वती की अतिथियों द्वारा आरती के बाद रवाना हुई नगरफेरी सोढी आईश फेक्ट्री, पुराना बस स्टैंड रोड, सुभाष चौक, महाराणाप्रताप, भगत सिंह, भारत माता चऊैक से पुराने बाजार होती हुई श्रीसूरतेश्वर महादेव मंदिर पर भोलेनाथ के जयघोष के साथ संपन्न हुई। अनमोल सेवा समिति, समाजसेवी योगेश स्वामी व किशनलाल स्वामी ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा करके जलजीरा व फरुटचाट की सेवा दी गई। चौक चौराहे पर दुकानदारों, धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक व आमजन ने मार्ग में पुष्पवर्षा कर नगरफेरी का स्वागत किया। शोभायात्रा में रमेशचंद्र माथुर, सुनील छाबड़ा अजय सिसोदिया, मुरली पारीक, मंडली के खुशालसिंह, मेहुल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मोहित शर्मा, अश्वनी शर्मा सहित भक्त मंडली के सदस्यों ने शोभा यात्रा की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। शिव भक्त मंडली के मेहुल शर्मा ने बताया शिवरात्रि पर बुधवार को सांय 6=15 बजे बैंड बाजों के साथ महा आरती के बाद जागरण में गंगानगर की प्रसिद्ध भजन गायिका सुनीता बागड़ी, बीकानेर के मास्टर नानू , सूरतगढ़ के कुमार शुभम शिव भोले के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे, जागरण में भव्य झांकियां पुष्प वर्षा इत्र वर्षा और आतिशबाजी का विशेष कार्यक्रम रहेगा। गुरुवार को सुबह 10=15 बजे लंगर भंडारे में शिव भोले का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने किया वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** भारतीय रिजर्व बैंक प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल 2025 में भी वित्तीय साक्षरता सप्ताह 24 फरवरी से मना रहा है। आज संगरिया के किशनपुरा ग्राम पंचायत में वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा से नरेन्द्र जी वीडीओ मेम प्रिया जी स्ष्ष्ट धर्मपाल जी राजीविका से महिलाउपस्थित रहे

वित्तीय साक्षरता सप्ताह अभियान के माध्यम से राजीविका एवं स्.ाा्र समूह से जुड़ी महिला के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है। इस वर्ष का थीम है वित्तीय समझदारी- समृद्ध नारी। आयोजन कर्ता आरोह फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता ब्लॉक संगरिया के वित्तीय साक्षरता सलाहकार एफसी ओम प्रकाश ने जानकारी देते हुए कहा कि अपनी प्राथमिकताएं सही तरह से निर्धारित करें। समझदार बनें, वित्तीय अनुशासन का पालन करें। जैसे सैलरी आ गई तो सबसे पहले बचत करें, निवेश करें। अपने महीने का बजट बनाएं और बचत करें। ये कभी ना करें कि पहले खर्च करें फिर बचाएं। ग्राहकों को अपने अधिकार और कर्तव्य के लिए सजग रहने की सलाह दी गई। महिलाओं को साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम के प्रति सजग किया महिलाएं अपने घरेलू कार्यों में छोटी-छोटी बचत की कोशिश करके एक बड़े रूप में बचत कर सकती है। महिलाओं को अपने घरेलू बजट बनाने और घरेलू बजट के आधार पर निवेश करने पर बताया और कहा कि महिलाएं भी पूरे महीने का बजट बनाकर और बजट के हिसाब से चले तो एक बड़े रूप में सेविंग कर सकती है प्रिया मेम ने बताया कि महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़कर के अपने स्वयं का भी बिजनेस घरेलू कार्यों के साथ-साथ कुटीर उद्योग भी लगा सकती है

# गौशाला दान पेटियों की चोरी, गोसेवकों में रोष

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़।** जंक्शन क्षेत्र में गौशाला के दान पेटियों की लगातार हो रही चोरी के मामलों से गोसेवकों में भारी नाराजगी है। स्थानीय गोसेवक विजय जांगिड़ मक्कासर ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से दुकानों, पेट्रोल पंपों और अन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर गोशाला के लिए लगाए गए दान पेटियों से पैसे चोरी हो रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भगवती प्रसाद गर्ग (निवासी भट्?टा कॉलोनी, हनुमानगढ़ जंक्शन) की भगवती वैरायटी स्टोर पर श्री कृष्ण गौ सेवा समिति का गुल्लक रखा हुआ था, जिसे 20 दिसंबर 2024 को एक अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। भगवती प्रसाद के अनुसार, चोरी हुए गुल्लक में लगभग 7,000 रुपये थे। केवल यही नहीं, उसी दौरान डॉ. देवी लाल वर्मा की क्लीनिक, बंटी बाबा पीरखाना, कटेवा ब्रदर्स (पेट्रोल पंप) और वर्मा रेस्टोरेंट से भी श्री कृष्ण गौ सेवा समिति और नागौर की गौशाला के गुल्लक चोरी हुए। लगातार हो रही इन चोरियों के चलते श्री कृष्ण गौ सेवा समिति और अन्य गौशाला संचालकों ने चिंता जताई है। विजय जांगिड़ मक्कासर ने बताया कि गोसेवकों की मेहनत और समाज के लोगों के सहयोग से गौशाला के लिए जो राशि जुटाई जाती है, उसे अज्ञात चोरों द्वारा चुराया जा रहा है, जिससे गौ सेवा कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। अब तक गोसेवा के 50 हजार से अधिक राशि चोर साफ कर चुके है। गोसेवको ने भगवती प्रसाद गर्ग के नाम से पुलिस थाना हनुमानगढ़ जंक्शन में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने मांग की है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। थाना प्रभारी ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर की पहचान करने का आश्वासन दिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़कर न्यायिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय व्यापारी और गोसेवक समुदाय ने प्रशासन से अपील की है कि गौशाला जैसे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सहयोग देने वाले प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। इस मौके पर श्री कृष्ण गोसेवा आश्रम के सभी सदस्य मौजूद थे।

## जन्मदिन मुबारक



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एयू बैंक, श्रीगंगानगर शाखा के असिस्टेंट मैनेजर (ऑपरेशन) अखिल महर्षि-दीपिका के यहां लक्ष्मी रूपी पुत्री का जन्म होने पर राजेश चांडक, अमित खान, मधुसूदन कौशिक, महेंद्र सिंह व दीपक कौशिक की ओर से हार्दिक बधाई।


जनमार्ग पढ़ें

ताजा खबरें

ज्यादा खबरें


# गुंडा टैक्स नहीं देने पर मजदूरों के कैंप पर फायरिंग

## धनबाद में 2 को लगी गोली, पर्चा छोड़कर राजू गैंग ने ली जिम्मेवारी

जनमार्ग न्यूज



**धनबाद।** धनबाद में आपराधिक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। ताजा मामला महुदा के पदुगोड़ा रेल फाटक की बगल में अंडरपास का निर्माण कर रहे मजदूरों के कैंप पर फायरिंग का है। मंगलवार देर रात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर यहां दहशत फैला दी। दो मजदूर गोली लगने से घायल हो गए। दोनों लहूलुहान स्थिति में जान बचाने के लिए भागकर महुदा कोल वाशरी में पहुंचे। इधर, अपराधी वहां दो पुर्जे भी छोड़ गए थे। उन पर लिखा था - राजू गैंग को जीटी (गुंडा टैक्स) दिए बिना काम नहीं करने देंगे। जीटी नहीं देने का अंजाम बुरा होगा। वे एक मजदूर का मोबाइल फोन भी ले भागे। मजदूर ललन साहनी को पेट व पैर में और झूलन चौधरी को जांघ के पिछले हिस्से में गोली लगी है। महुदा थाने की पुलिस उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जाती है। कैंप से पुलिस को 12 से अधिक खोखे और मैगजीन मिला। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, इंस्पेक्टर ममता कुमारी, महुदा थानेदार देवानंद प्रसाद, भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल मंडल आदि ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की।

# तीन सचिवों के खिलाफ एफआईआर के आदेश

## बिधनू ब्लाक में 1.38 करोड़ का हुआ था फर्जीवाड़ा; 11 सचिवों को जारी हुए थे नोटिस

जनमार्ग न्यूज

**कानपुर।** कानपुर में विकास कार्यों पर फर्जीवा?ा करने पर 3 सचिवों के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए गए हैं। वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायतों में कराए गए निर्माण कार्यों के अभिलेख ऑडिट विभाग को एक वर्ष बाद भी न दे पाने पर कार्रवाई की गई है। तीन सचिवों पर 1.50 करोड़ रुपए की सरकारी धनराशि गबन करने का आरोप है। जिसमें से बिधनू ब्लाक में सबसे ज्यादा करीब 1.38 करोड़ का फर्जीवाड़ा सचिव पुनीत मिश्रा ने किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के नाम पर बड़ा गोलमाल हुआ है। वर्ष 2023 में ऑडिट टीम ने वर्ष 2016-17 में कराए गए विकास कार्यों (नाली, खड़ंजा, पंचायत भवन, खेल मैदान, कूड़ा निस्तारण केंद्र, गोशाला निर्माण) के अभिलेख चेक किए तो करीब 11 से अधिक सचिव ऐसे मिले थे जिनके अभिलेख पूरे नहीं थे। जिनको पंचायती राज विभाग लगातार नोटिस जारी कर अभिलेख जमा करने के निर्देश दे रहा था। करीब 9 सचिवों ने एक साल में अपने-अपने सभी अभिलेख ऑडिट टीम को सौंप दिए। लेकिन तीन सचिव (बिधनू और सरसौल ब्लाक के) ऐसे रहे जिन्होंने आधे से ज्यादा अभिलेख ही नहीं जमा किए। ये विकास कार्य सचिवों ने 15वें वित्त और पंचम वित्त की धनराशि से कराए थे। इन कामों के लिए सचिवों के पास वर्क आर्डर जिनके जरिए कार्य होना था। इनका बिल बाउचर, मास्टर रोल, माप पुस्तिका, कैश बुक आदि कागजातों को दिखाना था। लेकिन इनके पास अभिलेख नहीं थे। डीपीआरओ मनोज कुमार ने बिधनू ब्लाक में तैनात रहे ग्राम विकास अधिकारी पुनीत मिश्रा पर 1.38 करोड़ रुपए का गबन माना है। इनके पास 10 ग्राम पंचायतों का कार्य भार था। वहीं इसी ब्लाक में तैनात रहे राहुल अवस्थी पर 10.34 लाख रुपए का गबन करने का आरोप है। इन्होंने तीन ग्राम पंचायतों के अभिलेख नहीं दिखाए हैं। सरसौल ब्लाक में तैनात रहे शाश्वत श्रीवास्तव पर एक ग्राम पंचायत में 5.89 लाख रुपए का गबन का आरोप है। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित एडीओ पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं।

# राज्य सरकार दे रही कोक्लीयर इम्प्लांट की सुविधा

## स्वास्थ्य विभाग ने विश्व कोक्लीयर इम्प्लांट दिवस मनाया

जनमार्ग न्यूज




**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को विश्व कोक्लीयर इम्प्लांट दिवस मनाया। इस अवसर पर विभाग ने सोशल मीडिया पर एक लाइव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें विशेषज्ञों ने कोक्लीयर इम्प्लांट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। वहीं खंड स्तर पर भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विश्वभर में 25 फरवरी का दिन अंतरराष्ट्रीय कॉकलियर इंप्लांट दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज के युग में देश में करीब 7 से 8 फीसदी लोग बहरेपन का शिकार है, तो वहीं जन्म लेने वाले 1000 बच्चों में से करीब 4 बच्चे ऐसे होते हैं, जिन्हें सुनने में काफी परेशानी आती है। इसी के चलते आमजन में जागरूकता पैदा करने के लिए विभाग के फेसबुक पेज आईईसी श्रीगंगानगर पर मंगलवार को मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल श्रीगंगानगर की असिस्टेंट प्रोफेसर (ईएनटी) डॉ. रश्मि अग्रवाल ने लाइव सेशन किया, जिसे मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेंद्र गर्ग ने होस्ट किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कोक्लीयर इम्प्लांट की प्रक्रिया, इसके लाभ और संभावित जोखिमों पर चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि कोक्लीयर इम्प्लांट किन लोगों के लिए उपयुक्त है और यह सुनने की क्षमता को कैसे बेहतर बना सकता है। विशेषज्ञों ने श्रोताओं के सवालों के जवाब भी दिए और कोक्लीयर इम्प्लांट के बारे में उनकी चिंताओं को दूर किया। सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कोक्लीयर इम्प्लांट के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस तकनीक के लाभों के बारे में शिक्षित करना रहा। कोक्लीयर इम्प्लांट उन लोगों के लिए एक जीवन बदलने वाला उपकरण है जो गंभीर श्रवण हानि से पीड़ित हैं। विभाग अन्य स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के साथ ही कोक्लीयर इम्प्लांट के बारे में जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि उन्हें या उनके किसी प्रियजन को श्रवण हानि है तो वे विभाग से संपर्क करें।

### नि:शुल्क कोक्लीयर इम्प्लांट की सुविधा राजस्थान में

पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से चुनिंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में श्रवण बाधित बच्चों और वयस्कों के लिए कोक्लीयर इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध करवाई है। आने वाले दिनों में श्रीगंगानगर में भी यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। राज्य सरकार की योजना के तहत चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एक कान में नि:शुल्क कोक्लीयर इम्प्लांट की सुविधा दी जाएगी, जबकि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विशेषज्ञ समिति की स्वीकृति के बाद दोनों कानों में इम्प्लांट की सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा जो वयस्क किसी कारणवश अपनी सुनने की क्षमता खो चुके हैं, वे भी विशेषज्ञ समिति की स्वीकृति के बाद कोक्लीयर इम्प्लांट के लिए पात्र हो सकते हैं।


# हर्षा रिछारिया ने सुसाइड की धमकी दी



**प्रयागराज( जनमार्ग न्यूज )।** महाकुंभ में चर्चा में आई हर्षा रिछारिया ने सुसाइड की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर उन्होंने कहा- मैंने महाकुंभ से प्रतिज्ञा ली थी कि हिंदुत्व के लिए काम करूंगी। युवाओं को जागरूक करूंगी। धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करूंगी। लेकिन, कुछ धर्म विरोधी लोग हमें रात-दिन आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। पहले मेरे पुराने वीडियो को वायरल किया गया। अब इस हद तक उतर आए हैं कि्ड्ढ से वीडियो एडिट कर सर्कुलेट किया जा रहा है। कुछ लोग मुझे रात-दिन आगे बढ़ने से रोक रहे हैं। अगर मैं सुसाइड की तो मैं सबका नाम लिख कर जाउंगी। 17 जनवरी को हर्षा रिछारिया ने महाकुंभ छो?ा था पेशवाई के रथ पर बैठने के बाद चर्चा में आईं हर्षा रिछारिया ने 17 जनवरी की शाम महाकुंभ क्षेत्र छो? दिया था। उनके पीए ने बताया कि मानसिक तनाव के चलते उन्होंने कुंभ क्षेत्र छो?ने का फैसला किया है। अभी वह अज्ञात स्थान पर चली गई हैं। कुछ दिन बाद फिर वापस आएंगी। वहीं, 16 जनवरी की शाम हर्षा ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की थी। इस दौरान वह शांभवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप पर जमकर हमलावर हुईं। उन्होंने कहा- संतों ने महिला होने के बावजूद मेरा अपमान किया। आनंद स्वरूप को पाप लगेगा। मेरे ऊपर लग रहे आरोपों से परेशान हूं। मुझे डर लग रहा है। अब मैं महाकुंभ मेला छोड़कर चली जाऊंगी। यह कहते हुए फूट-फूटकर रोने लगीं। इस खबर के पब्लिश होने के बाद स्वामी आनंद स्वरूप सामने आ गए थे। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा - महाकुंभ में हर्षा जैसी कई लाखों लड़कियां आई हुई हैं। तुम्हारी असलियत सबके सामने आ गई है। अगर ये सब करोगी तो मैं फिर से रोकूंगा।

# श्री सतगुरु दयाल मंदिर में गूंजे बाबा के जयकारे , ध्वजारोहण आज





जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे के स्थानीय श्री सतगुरु दयाल मंदिर मे 38वा वार्षिक भंडारे की उपलक्ष में मंगलवार सायं 5.30 बजे आरती की गई इस अवसर पर स्वामी शब्द आनंद जी महाराज के अनमोल प्रवचन वीडियो कैसेट के माध्यम से सुना कर संगत को निहाल किया इस दौरान गुरु की सेवक साध्वियों व दिल्ली से बहिन फुटेजा ने भजन सारी दुनिया है दीवानी नांगली वाले राम की----और करो दीदार सतगुरु का जो भव सागर से पार करता है--- अथवा मेरे सतगुरु दया बरसा आसरा तेरा लिया---गुरूजस सुना कर संगत को झूमने पर मजबूर कर दिया इस दौरान स्वामी दयाल बैरागा नंद जी महाराज की उपस्थिति में पंडाल में बैठी संगत में पधारे दयाल विचारा नंद जी , महात्मा दयाल श्रद्धानंद, महात्मा दयाल चरणानंद संतों एवं साध्वियों बाईयों पर पुष्प वर्षा की गई इस दौरान गंदीशीन स्वामी दयाल बैरागा नंद जी महाराज ने अपने अनमोल प्रवचन सुना कर संगत को निहाल किया इस दौरान साध्वी बहनों द्वारा भजन कीर्तन से पंडाल भगति मय हो गया जिससे संगत झूमने पर मजबूर हो गई वही लोक गायक पडित कमल शर्मा व राजेश खुरानाव विनेश ने भजन लहर लहर लहराए रे झंडा सतगुरु का -----सुना कर संगत कोनाचने को मजबूर कर दिया या इसके बाद आरती के बाद संगत में प्रसाद वितरण किया गया तत्पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया गया अगले दिन बुधवार को प्रातः 5:30 बजे आरती पूजा 9 बजे ध्वजारोहण तथा 11:30 से 3 बजे सत्संग कीर्तन होगा।

## बस-टैंकर में आमने-सामने की भिड़ंत, 4 की मौत



**बेगूसराय ( जनमार्ग न्यूज )।** बेगूसराय में मंगलवार रात साढ़े 9 बजे ह॥-28 पर सिटी राइड बस और दूध टैंकर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में बस पर सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बस मौके पर ही पलट गई। वहीं, दूध टैंकर आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र में रानी गांव के पास की है। मृतक की पहचान उमेश दास के बेटे आदित्य कुमार, दो नाती चमथा निवासी सौरभ कुमार और गौरव कुमार, काजी रसलपुर निवासी सिकंदर दास के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। मृतक आदित्य कुमार दुल्हे का भाई था।

## महाशिवरात्रि पर बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**देवघर ( जनमार्ग न्यूज )।** महाशिवरात्रि के मौके पर बुधवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में अहले सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु सोमवार की शाम से ही देवघर पहुंचने लगे थे। सुबह 4 बजे मंदिर का पट खुला। इसके साथ ही कांचा जल से बाबा का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद प्रधान पुजारी गुलाब नंद ओझा ने सरकारी पूजा की। लगभग 4:30 बजे आम श्रद्धालुओं के लिए जलाभिषेक शुरू कर दिया गया, जो रात 10 बजे तक लगातार चलेगा। सुबह- सुबह मंदिर में 3 किलोमीटर लंबी लाइन थी। साथ ही शाम को भगवान भोले नाथ की भव्य बारात निकाली जाएगी।

## स्कूल संचालक का मर्डर, एसिड से चेहरा जलाया

### घर से 2 किमी दूर लाश फेंकी, गांव की युवती से मिलने गया था

**प्रयागराज ( जनमार्ग न्यूज )।** प्रयागराज में स्कूल संचालक की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने पहचान छिपाने के लिए चेहरे को एसिड से जला दिया। शव गांव से दो किमी दूर खेत में फेंक दिया। स्कूल संचालक का मोबाइल भी खेत में मिट्टी में दबा दिया था। घटना कोरांव थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव की है। स्कूल संचालक शनिवार शाम से लापता थे। फोन भी स्विच ऑफ बता रहा था। इसके बाद घर वालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने गांव की ही युवती, उसके भाई और पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवती ने बताया की स्कूल संचालक उससे मिलने गया था। इसके बाद क्या हुआ उसको नहीं पता। पटेहरी निवासी लालचंद्र के बेटे अरुण गांव में स्कूल चलाते थे। मंगलवार सुबह अरुण का शव घर से 2 किमी दूर खेत में मिला। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी। घर वाले पहुंचे ताक अरुण के शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। परिजनों का कहना है कि पीट-पीटकर हत्या की गई है। इसके बाद शव की पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर तेजाब डाल दिया गया। मंगलवार दोपहर परिजनों ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नहीं भेजने दिया। परिजनों का कहना था कि गांव की ही परिचित युवती और उसके घर वालों ने अरुण की हत्या की है। तीनों की गिरफ्तारी हो, इसके बाद शव उठाने देंगे। घंटेभर बाद पुलिस के आश्वासन पर परिजन माने। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।



## मुख्य बस स्टैंड को रोडवेज आगार में शिफ्ट करने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित हनुमानगढ़ मुख्य बस स्टैंड को शहर के रोडवेज डिपो में स्थानांतरित करने की मांग जोर पकड़ रही है। इस संदर्भ में हनुमानगढ़ जंक्शन के विभिन्न क्षेत्रों के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने पूर्व मंत्री डॉ. रामप्रताप और भाजपा विधानसभा प्रत्याशी अमित साहू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य बस स्टैंड के मौजूदा स्थान पर होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और व्यापारिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्य बाजार के बीचो-बीच स्थित बस स्टैंड के कारण अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, जिससे स्थानीय लोगों और दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों का कहना है कि बस स्टैंड को अबोहर बाईपास पर स्थानांतरित करने का प्रयास कुछ राजनीतिक दबाव के कारण हो रहा है, जो आम जनता के हित में नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि रोडवेज डिपो के पास पर्याप्त खाली भूमि उपलब्ध है, जहां बस स्टैंड स्थापित किया जा सकता है। व्यापारियों के अनुसार, बस स्टैंड को रोडवेज डिपो में शिफ्ट करने से न केवल रोडवेज को राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि आम जनता को भी काफी राहत मिलेगी। डिपो के पास मुख्य रेलवे स्टेशन होने के कारण दूरदराज से आने वाले यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अतिरिक्त यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जब तक बस स्टैंड पूरी तरह से रोडवेज डिपो में स्थापित नहीं हो जाता, तब तक अस्थाई तौर पर आद्रा, अबोहर, हरियाणा और पंजाब मार्गों की सभी बसों का संचालन डिपो से ही किया जाए। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग को प्राथमिकता से पूरा करने का आग्रह किया है। इस मौके पर बलजीत सिंह दईया,नंदकिशोर बडगूजर,रमेश कुमार बडगूजर,लालचंद सांखला,सुभाष बडगूजर,विनोद बगेरिया,मुकेश बागड़ी हरीश प्रजापत, तरुण कुमार,लड्डू सिंह भाटी व सुभाष बलबीर स्वामी उपस्थित थे



## शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष और कपूर प्रदेश महामंत्री नियुक्त


**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा व नरेश कपूर प्रदेश महामंत्री को एआईसीसी ह्यूमन राइट संगठन के पद पर विष्णु शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष और नरेश कपूर प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। यह नियुक्ति एआईसीसी ह्यूमन राइट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फूल ने विष्णु शर्मा ओर नरेश कपूर के अच्छे व्यवहार हर वर्ग से जुड़ाव और मजदूरों के लिए लंबे समय से संघर्ष करने को लेकर की है। इस अवसर पर विष्णु शर्मा ओर नरेश कपूर ने राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त करने पर एआईसीसी ह्यूमन राइट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फूल का आभार व्यक्त किया ओर कहा कि वे ओर अधिक सक्रिय होकर काम करेंगे व संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। विष्णु शर्मा और नरेश कपूर को एआईसीसी ह्यूमन राइट का प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर दिन भर बधाई देने वालों लोगों का तांता लग गया।





## पोर्न वीडियो देखकर बच्ची से रेप, फिर मर्डरः चिल्लाने पर घसीटा, ईंट-बत्ते से मारा

**बिलासपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 14 साल के लड़के ने 5 साल की बच्ची से रेप किया, फिर उसे मार डाला। आरोपी ने पहले पोर्न वीडियो देखा। इसके बाद बच्ची को चॉकलेट खिलाने के बहाने छत पर ले गया। वारदात के वक्त चिल्लाने पर ईंट और बत्ते से मारा। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। बच्ची की अर्धनग्न लाश गीतांजलि सिटी कॉलोनी से लगे स्वर्णिम एरा कॉलोनी की बिल्डिंग की छत पर मिली थी। इसी बिल्डिंग में कोनी क्षेत्र के मजदूर काम करते हैं। परिवार सहित रहते भी हैं। इन्हीं मजदूरों में से एक मजदूर की बेटी की हत्या हुई है। दरअसल, मंगलवार की सुबह एक मजदूर छत पर गया था। इस दौरान उसने देखा कि एक बच्ची मरी हालत में पड़ी है। खून से सनी भी है। वह घबरा गया। तत्काल छत से नीचे उतरा और आसपास मौजूद साथियों और बच्ची के पिता को जानकारी दी गई। इसके बाद बच्ची के पिता ने सरकंडा थाने में सूचना दी कि एरा कॉलोनी की बिल्डिंग की छत पर बच्ची की लाश मिली है। सूचना मिलते ही स्क्करजनेश सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक एक्सपर्ट को भी बुलाया गया। टीम ने मौके से सबूत जुटाए। वहीं मृत बच्ची की मां ने बताया कि सोमवार शाम 6 बजे के करीब बच्ची चॉकलेट लेने गई थी, तभी से लापता थी। बेटी की हर जगह तलाश की गई, लेकिन कहीं नहीं मिली थी। मंगलवार सुबह हमारी बच्ची मृत हालत में मिली। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, करीब 50 से अधिक संदेहियों से, पास के ही चॉकलेट बेचने वाले दुकानदारों से पूछताछ की गई। इस दौरान 14 साल के लड़के के बारे में जानकारी मिली। वह भी एरा कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने लड़के की पहचान कर हिरासत में लिया। बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट खिलाने का लालच देकर छत पर ले गया। विरोध कर रही थी तो घसीटा। शोर मचाने पर बच्ची के सिर पर लकड़ी के बत्ते से मारा, जिससे उसकी मौत हुई। आरोपी लड़के के पैर पर भी खून के निशान मिले हैं। खून को धो नहीं पाया था।



## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प लगाया



जनमाश्वर्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 2, पुराना अस्पताल, श्रीगंगानगर के तत्वावधान में गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारण साहिब सरकारी हॉस्पिटल के पीछे (सहयोग नगर) वॉर्ड नंबर 28 में आउटरीच कैंप के तहत निऱ्शुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प का सुबह 9.30 से 12.30 तक लगाया गया। जिसमें 49 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस निऱ्शुल्क स्वास्थ्य शिविर कैम्प में विशेष तौर पर डॉ. सोनालिका सारस्वत, डॉ. रिया सिडाना, एएनएम पूनम भारद्वाज, जीएनएम शुभम, आशा सहयोगिन संतोष रानी ने अपनी ने सेवाएं दी।

## गर्लफ्रेंड से रात में मिलने गया...करंट से मौत

जनमार्ग न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 20 दिनों से लापता युवक का कंकाल और जली हुई हड्डियां मिली है। शिकारियों के करंट तार की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने शव को जला दिया। मामला बेलादुला चौकी क्षेत्र का है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक मनोज साहू (27) तेंदुदरहा गांव रात में अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। लौटने के दौरान सुबह 4 बजे वह जंगल सुअर के शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आ गया। हालांकि, जंगल में खून के धब्बे लगे हुए 3 डंडे भी मिले हैं। पुलिस अधिकारियों ने किसी प्रकार का आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी। जानकारी के अनुसार युवक मनोज साहू 5 फरवरी से लापता था। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। जांच के दौरान पुलिस को जंगल में खून के धब्बे और तीन लकड़ी के डंडे मिले, जिसमें भी खून लगा हुआ था। मौके पर डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक की टीम बुलाया गया।लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला।

**4 संदेहियों को हिरासत में लेकर की पूछताछ:** 20 दिन बीत जाने के बाद मुखबिर की सूचना पर 4 संदेहियों को पुलिस ने हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 5 फरवरी 2025 को रात करीब 12ः00 बजे अपने गांव तेन्दुदरहा के खेत में करंट प्रवाहित तार लगाया था। जंगली सुअर (बरहा) की शिकार करने के लिए ये करंट लगाया गया था। लगभग 04 बजे तार में किसी के फंसने से चिंगारी निकली। वहां जाकर देखे तो एक आदमी फंसकर मर गया था। डर से आरोपी राजेश सिंह नेताम युवक के शव को ट्रैक्टर ट्रॉली में डालकर चिलमघाटी ले गया। रोड किनारे के खेत में रखे पैरावट में शव को डालकर आग लगाकर अपने घर वापस आ गया। दूसरे दिन फिर से बाइक से जाकर लकड़ी और पैरा डालकर पूरी तरह से लाश को जला दिया। आरोपियों के बयान के आधार पर चिलमघाटी के पास ग्राम पिरदा में शांतिबाई बिंझवार के खेत में जांच की गई। पैरावट के अंदर मानव कंकाल और जली हुई हड्डी मिली।



## ईट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने की मांग



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** सरपंच बलदेव सिंह मक्कासर व उनकी टीम ने मक्काकर, थेड़ी, गंगागढ़, श्रीनगर व हनुमानगढ़ के जिले के संपूर्ण ईट भट्टों पर मजदूरों से जनसंपर्क किया। ईट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि आने वाला समय 'जिक जैक ईट -भट्टो' का है इस प्रकार के भट्टो पर भट्टा मालिकों की ईटो की चारगुनी बढ़ोतरी होंगी पर मजदूरों का शारीरिक व आर्थिक शोषण हो रहा है। इन भट्टो पर मजदूरों की मजदूरी भी दोगुनी होनी चाहिए। ईट भट्टो के मजदूरों ने बतलाया है कि न तो किसी तरह का यहां मजदूरों के बच्चे अशिक्षित हैं और न ही राज्य सरकार व केंद्र सरकार से किसी भी तरह की बच्चों को शिक्षित करने की कोई व्यवस्था है भट्टो पर न हीं सस्ता अनाज उपलब्ध है भट्टा मालिक अपने भट्टे की ईटों को चारगुने दामों पर बेचता है लेकिन भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की मजदूरी न के समान है,महंगाई आसमान छू रही है लेकिन मजदूरों की मजदूरी में किसी तरह की कोई बढ़ोतरी नहीं है।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हिन्दी प्रचार समिति, श्रीगंगानगर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, लेबर कॉलोनी तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 11, रिद्धि सिद्धि-8 (कपड़ा मिल), श्रीगंगानगर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। समिति अध्यक्ष जगीरचंद फरमा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह, महासचिव मनीराम सेतिया व वरिष्ठ सदस्य अशोक किंगर ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी प्रदान करते हुए महाशिवरात्रि पर्व के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को सच्चाई व अच्छाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका अंजना शर्मा व प्रधानाध्यापिका सारिका ने हिन्दी प्रचार समिति सदस्यों का स्वागत किया।

मंच संचालन करते हुए मनीराम सेतिया ने हिन्दी भाषा को दैनिक दिनचर्या में अपनाने का संदेश दिया। हरपाल सिंह ने कहा कि कहा कि आत्मसम्मान हासिल करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए शिक्षा सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कड़ी मेहनत व अनुशासन द्वारा जीवन में सफलता हासिल करने पर बल दिया तथा कहा कि शिक्षा द्वारा ही व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास सम्भव है। अशोक किंगर ने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल का कम से कम प्रयोग करके अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता व गुरुजनों की आज्ञापालन से सफलता अवश्य मिलती है। समिति अध्यक्ष जगीरचंद फरमा ने हिन्दी प्रचार समिति की सेवा गतिविधियों एवं हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा कहा कि ज्ञान का प्रकाश व्यक्ति को शिखर पर पहुंचाता है एवं उन्होंने सबको महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षाविद मनीराम सेतिया द्वारा संकलित पुस्तकें भी विद्यालयों को पुस्तकालय हेतु भेंट की गई।



## भंडारे की तैयारी जोरों पर

**चूनावढ ( जनमार्ग न्यूज )।** कस्बे के सतगुरु दयाल मंदिर में 26 फरवरी को संपन्न होने वाले शब्द आनंद जी महाराज की वार्षिक भंडारा की तैयारियां जोरों छोरो से मंदिर को रंग रोगन व बिजली की लड़ियां रोशनी से सजाया गया है नगली साहिब (मेरठ यूपी) के यह संत हर वर्ष इस मंदिर के पंडाल में आकर हजारों भक्तों को प्रवचनों के जरिए आध्यात्मिक लाभ पहुंचाते हैं। इस विशाल भंडारे में दूर-दूर से भक्तगण आकर प्रवचन सुनते हैं मंदिर समिति द्वारा बाहर से मेले में आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था के अलावा मंदिर परिसर में सेवादारों की अलग-अलग स्थान पर ड्युटियों की जिम्मेदारियां सौंप गई है। मेले के दौरान भक्तों की तरफ से सभी के लिए दिनभर अटूट प्रसाद लंगर वितरित किया जाता है। मंदिर समिति ने अपील की है कि मंगलवार प्रात छह बजे आरती पूजा व रात्रि 10:00 बजे सत्संग कीर्तन होगा। अगले दिन 26 फरवरी बुधवार को प्रात: 5:30 बजे आरती पूजा 9:00 बजे ध्वजा रोहन तथा 11:30 से 3:00 बजे सत्संग कीर्तन होगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भगतजन पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ उठावें।

### मरणोपरांत नेत्रदान

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** कुक्कड़ गिफ्ट हाउस वालों की



माता श्रीमती सरोज रानी धर्मपत्नी रतनलाल कुक्कड़ के नेत्र उनके मरणोपरांत भी दुनिया को देख सकेंगे। यह संभव हो रहा है उनके मरणोपरांत नेत्रदान से। डॉ. एस. एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन ने बताया कि संजीव कुक्कड़, रजनीश कुक्कड़ और संदीप कुक्कड़ की माताजी के नेत्रदान में व्यापारी नेता तरसेम गुप्ता, हरिओम लूथरा, ओमप्रकाश आहूजा का सहयोग रहा। आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के टेक्निशियन अनुराग सारस्वत ने कॉर्निया उत्सारित किए। अब उनके नेत्र दो लोगों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी ने सभी से आग्रह किया है कि वे मानव सेवा की भावना के चलते मरणोपरांत नेत्रदान की मुहिम में शामिल हों।

# अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष का अभिनंदन

### वाल्मीकि प्रकट दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने तथा सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरु करने की मांग



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री) राजेन्द्र कुमार नायक के मंगलवार को श्रीगंगानगर पधारने पर वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता नगर परिषद पूर्व सभापति श्याम धारीवाल, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज प्रदेशाध्यक्ष अनिल धारीवाल, जिला उपाध्यक्ष करण वाल्मीकि के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ एवं फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन-सम्मान किया। इस मौके पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने तथा सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करके पूर्ण करने एवं सफाई कर्मचारियों की नवीन भर्ती में वर्षों से सफाई कार्य कर रहे अस्थाई सफाई कर्मचारियों व वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग की गई। इस अवसर पर नगर परिषद पूर्व सभापति श्याम धारीवाल, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज प्रदेशाध्यक्ष अनिल धारीवाल, जिला उपाध्यक्ष करण वाल्मीकि, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री जितेन्द्र चौहान, राजेन्द्र सारसर, संजय बेदी, सुशील नायक, मांगीराज बायड़, अमित खन्ना, जगदीश नायक सहित भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेशाध्यक्ष अनिल धारीवाल ने राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री) राजेन्द्र कुमार नायक के समक्ष ज्वलंत समस्याएं उठाते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज द्वारा राजस्थान सहित भारतवर्ष में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस उपलक्ष्य आयोजित कार्यक्रमों में वाल्मीकि समाज व दलित समाज सहित समस्त समाजों के लोग श्रद्धापूर्वक शामिल होते हैं। इसलिए भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर राज्यभर में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए एवं राज्यभर में मांस-मदिरा की दुकानें बंद करने का आदेश जारी किया जाए। सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया बार-बार स्थगित हो रही है, जिसे भी जल्द पूरा किया जाए तथा भर्ती में काफी वर्षों से सफाई का कार्य कर रहे अस्थाई सफाई कर्मचारियों एवं वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दी जाए। इस पर राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री) राजेन्द्र कुमार नायक ने उच्च स्तर पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## भव्य निशान यात्रा निकाली



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय श्री श्याम फाग महोत्सव के उपलक्ष में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक नागपाल, किसान नेता राकेश बिश्नोई , सी आई दिनेश सारण, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गेदर, पूर्व पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया, युवा नेता योगेश मेघवाल, जिला लोकपाल अनिल धानुका, जयवर्धन सिंह, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष ललित सिडाना, दर्शन भगत परनामी, सिटीजन चेंबर के प्रांत पाल चिरंजी लाल चौधरी, अरोड़ वंश सभा के अध्यक्ष दीपक भाटिया, ब्लॉक सीएमओ डॉक्टर मनोज अग्रवाल, पूजा छाबड़ा, सब्जी मंडी के अध्यक्ष लीलाधर स्वामी, हनुमान प्रसाद गुप्ता, एडवोकेट श्रीकांत सारस्वत, अमरनाथ लंगर सेवा समिति के किशन लाल स्वामी, मोहम्मद अली कादरी , विविध संस्था के अध्यक्ष योगेश स्वामी ने विधिवत पूजा अर्चना करके श्री श्याम दरबार में आरती के बाद श्री श्याम ध्वजा लहराकर भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ किया। श्री श्याम सेवा समिति के संरक्षक संजय गुप्ता, अध्यक्ष दीपक गाबा, सचिव विवेक नागपाल, उपाध्यक्ष महेश राठी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह शेखावत, सह सचिव विनोद वर्मा, अशोक भट्ट सहित समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथियों को श्याम नाम का दुपट्टा पहन कर सम्मान किया। अग्रवाल धर्मशाला से शुरू हुई निशान यात्रा में सैकड़ो महिलाओं पुरुषों ने श्री श्याम ध्वज उठाकर श्री श्याम जय घोष के साथ नाचते हुए शामिल हुए, शहर के हर चौक चौराहे पर श्री श्याम प्रेमियों ने यात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था कर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। यात्रा का समापन श्री गौशाला में किया गया। समापन पर यात्रा में शामिल लोगों के लिए लकी ड्रॉ निकालकर विजेताओं को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया।

## कालीबाई भील मेधावी योजना में चयनित 12 छात्राओं को मिली स्कूटी



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीगंगानगर की कालीबाई भील मेधावी छात्रा में चयनित 12 छात्राओं को स्कूटी मिली है। महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा ने बताया कि कालीबाई मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन पर उच्च शिक्षा आयुक्तालय राजस्थान द्वारा जारी पात्र छात्राओं की वरीयता सूची में चयनित छात्रा नेहा नारंग (बीए बीएड), जिया (बीए बीएड), प्रांजल बंसल (बीकॉम), मनीषा (बीसीए), हर्षिता (बीए बीएड), अर्श बराड़ (बीए बीएड), वर्तिका (बीए बीएड), अंजुम (बीए बीएड), आयुषी (बीएससी), कोमल शर्मा (बीकॉम), रिजवलदीप कौर (बीबीए), खुशदीप कौर (बीए) को स्कूटी मिलने पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राओं में भारी उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नोडल ऑफिसर गौरव तुली हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर श्री आत्म वल्लभ जैन शिक्षा न्यास प्रबन्ध समिति अध्यक्ष अमरचन्द बोरड़, सचिव नरेश जैन, एड गुरू राजकुमार जैन, सौरभ जैन तथा महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा व प्राचार्य डॉ. पंकज लता सहित समस्त स्टाफ ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासन व कड़ी मेहनत द्वारा सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर छात्राओं सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की हड़ताल जारी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर के 247 मंडी व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता संघ के चेयरमैन बाबूलाल गुप्ता ने की। बैठक में व्यापारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकार द्वारा मांगों की अनदेखी किए जाने पर नाराजगी जताई गई। संघ ने ऐलान किया कि यदि शनिवार तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, तो इसके बाद आम बैठक कर भविष्य के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

## धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों को लेकर राज्यमंत्री को करवाया अवगत

- धानका जनजाति का प्रमाण हमारा संवैधानिक अधिकार है जो हम लेकर रहेंगे : खन्ना

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** धानका समाज के अमित कुमार खन्ना ने एक बार पुन: धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों की



मांग को पुरजोर तरीके से उठाया। आज श्रीगंगानगर पहुंचे राज्यमंत्री राजेंद्र नायक को धानका जनजाति के प्रमाण पत्र आरंभ करवाने बाबत ज्ञापन सौंपा और ये अवगत करवाया कि पूर्व में जब वसुंधरा जी की सरकार थी तब प्रदेश में धानका जनजाति के प्रमाण पत्र जारी हुए थे परंतु गहलोत सरकार ने प्रमाण पत्रों पर रोक लगा दी थी जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है।खन्ना ने बताया कि धानका जनजाति के प्रमाण जारी नहीं होने से प्रदेशभर में लाखों छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है वहीं दूसरी ओर जनजाति का कोई भी लाभ बिना प्रमाण पत्र के प्रदेश भर निवासरत धानका जनजाति के लोगों को नहीं मिल रहा है।खन्ना ने बताया कि राज्यमंत्री राजेंद्र नायक ने आश्वासन देते हुए बताया कि मैं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल जी से धानका जनजाति के प्रमाण पत्रों से संबंधित विषय पर बातचीत और मेरा प्रयास रहेगा कि धानका समाज के प्रमाण पत्र पुन: आरंभ करवाने के लिए प्रयासरत रहूंगा और वहीं प्रयास करूंगा कि जल्द से जल्द धानका जनजाति के लोगों को राहत मिले।इस मौके पर अमित कुमार खन्ना,मांगीराज बायड,हिमांशु खन्ना,सोनू चुघ समेत अनेकों युवा साथी मौजूद रहे।

## शिव मन्दिर में शाम को श्रृद्धालु करेंगे 151 पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक



### अखंड नमः शिवाय पंचाक्षरी मंत्र जाप की पूर्णाहुति

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विनोबा बस्ती पार्क में स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार दोपहर मन्दिर प्रांगण से ध्वजा यात्रा निकाली गई, जोकि गांधी नगर, एच ब्लॉक, पी ब्लॉक से होते हुए वापिस शिव मंदिर में पंहुची। इससे पहले मंगलवार को आरंभ हुए 27 घंटे के अखंड नमः शिवाय पंचाक्षरी मंत्र जाप को आज सुबह विराम दिया गया। मन्दिर के मुख्य पुजारी ज्योतिष शास्त्री शंकरलाल गुर्जर गौड़ ने बताया कि आज शाम चार बजे विनोबा बस्ती पार्क में श्रृद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से 151 पार्थिव शिवलिंग रूद्राभिषेक किए जाएंगे। उसके उपरांत महादेव का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। इससे पहले महाशिवरात्रि पर आज प्रात: 5.30 बजे भोले बाबा को कुंतल खीर व फलों का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया, साथ ही प्रभु इच्छा तक त्रिपुंड सेवा की जाएगी व सांय 7 बजे भस्म आरती की जाएगी। आयोजन को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए मन्दिर सेवादार पवन बिश्नोई, अनुज चढ्ढ़ा, समीर सोनी, संजय शर्मा, दुर्गेश शर्मा, प्रकाश सिहाग, निर्मला गुप्ता, पूजा जाट, मीनू, अंजू रानी, ममता जैन, सुमन जैन, सचिन मित्तल, तरुण मोदी, गोपाल दास बिस्सा, विनोद खोथ, नरेश चौधरी व श्वेता सरदाना जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं।

## 26 साल की युवती को आया अटैक, मौत

जनमार्ग न्यूज

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआं क्षेत्र में एक युवती की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह अपनी सहेली की शादी के लिए लहंगा लेने जा रही



थी। इसी दौरान वह रास्ते में गश खाकर गिर गई। बेहोशी की हालत में उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, 26 वर्षीय सुलभा गुप्ता अपनी छोटी बहन साक्षी और सहेली के साथ खंडवा नाका क्षेत्र में रहती थी। 28 फरवरी को सहेली की शादी थी। इसकी तैयारी के लिए वह लहंगा लेने राजबाड़ा जा रही थी। तभी अचानक गिर गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुलभा ने यूजीसी नेट की परीक्षा दी थी, जिसमें वह पास हो गई थी। साक्षी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। खरगोन निवासी दोनों बहनें 7 साल से इंदौर में रह रही थीं।

## गुरुग्राम कपल डेडबॉडी केस, मृतक युवक पर एफआईआर

जनमार्ग न्यूज

**हरियाणा** में गुरुग्राम के होटल में मिली कपल की डेडबॉडी के मामले में मानेसर पुलिस ने लड़की के चचेरे भाई की शिकायत पर मृतक लड़के के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो होटल के कैमरे बंद मिले। अब पुलिस होटल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। युवक की बहन की शादी युवती के गांव में हुई थी। वहीं युवती की कुछ समय पहले रिश्ता तय हुआ था। छह अप्रैल को शादी होनी थी। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि दोनों ने सुसाइड किया है या किसी ने हत्या की है। दोनों को छाती पर गोली लगी हुई थी। मेडिकल बोर्ड आज शवों का पोस्टमॉर्टम करेगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत का राज खुलेगा।

# प्रक्षेत्र दिवस गांव सुन्दरपुरा में आयोजित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कृषि अनुसंधान केन्द्र, श्रीगंगानगर पर अखिल भारतीय समन्वित सरसों परियोजना के अन्तर्गत सरसों प्रक्षेत्र दिवस गांव सुन्दरपुरा में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एन.के. शर्मा, क्षेत्रीय निदेषक अनुसंधान, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लोकेष कुमार जैन, सह. आचार्य (षस्य विज्ञान) व डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक आचार्य (पौध व्याधि), श्री अमरजीत सिंह, कृषि पर्यवेक्षक के साथ सरसों प्रक्षेत्र के ( 1 1 0 ) कृषकगणों की कार्यक्रम में भागीदारी रही। कार्यक्रम के प्रारम्भिक सत्र में डॉ. लोकेष कुमार जैन ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिषन के अन्तर्गत दिये गये आदानों का फसल उत्पादन में महत्व तथा नवीन किस्म आर.एच. 761 एवं अन्य उन्नतषील किस्मों के बीज उपयोग करने फसल में खरपतवार प्रबन्धन एवं सल्फर का पौध उत्पादन का महत्व बताते हुये किसानों को भविष्य में अनुषंसित शस्य क्रियाऐं अपनाने पर जोर दिया।




डॉ. प्रदीप कुमार ने सरसों की फसल में बीज उपचार तथा समन्वित पौध संरक्षण की विस्तृत जानकारी देते हुये किसानों की आने वाली समस्याओं का निवारण किया। कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी श्री प्रभात सहारण तथा कृषि पर्यवेक्षक श्री मुकेष बाना ने कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली योजनाओं तथा फार्मस यूनिक आईडी रजिस्ट्रेषन करवानें के लिये किसानों का मार्गदर्षन किया। कार्यक्रम में अम्बुजा फाउन्डेषन के कार्यक्रम समन्वयक श्री सूर्या सुथार ने संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी मंच से साझा की। कार्यक्रम में डॉ. एन.के. शर्मा, क्षेत्रीय निदेषक अनुसंधान ने अपने सम्बोधन में श्रीगंगानगर की जलवायु, मिट्टी व पानी सरसों की फसल खेती के लिये उपयुक्त है अतः टिकाउ खेती हेतु सरसों की खेती को अपनाकर फसल विविधिकरण को बढावा दिया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कृषि क्षेत्र में उच्च षिक्षा के अवसर पर जोर देते हुये अपने बच्चों को कृषि क्षेत्र में अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया। किसान स्वयं ही अपने खेत पर उत्पादित फसल में अवांछित किस्मों के पौधों का हटाकर स्वयं का बीज तैयार कर फसल उत्पादन की लागत को कम करने एवं निजी कम्पनियों के बीजों के क्रय से मुक्ति के उपाय दिये। उन्होंने सरसों की ख?ी फसल में अन्य किस्मों के पौधों की पहचान किसानों के साथ साझा की। कार्यक्रम में प्रगतिषील कृषक श्री अमीलाल एवं उनकी टीम के सदस्यों ने आगन्तुको का स्वागत किया। श्री बिकर सिंह, श्री जगसीर सिंह, श्री अमरजीत सिंह एवं अम्बुजा फाउण्डेषन के कार्यकत्ताओं तथा लाभान्वित किसानों ने सरसों के अग्रिम पंक्ति प्रदर्षन प्रक्षेत्रों का वैज्ञानिकों के साथ अवलोकन किया एवं उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी साझा की। समापन सत्र में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लोकेष कुमार जैन, सह. आचार्य (षस्य) ने आये हुये सभी अधिकारीगणों व कृषकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** विभिन्न वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मंगेज चौधरी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मंगेज चौधरी द्वारा न्यायालय के आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है, जिससे ऋण वसूली में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। ज्ञापन में बताया गया कि कई वित्तीय संस्थाएं, जिनमें एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) और बैंक शामिल हैं, संपत्तियों पर ऋण सुविधा प्रदान करती हैं। जब ऋणधारक निर्धारित समय पर कर्ज चुकाने में असफल रहते हैं, तो न्यायालय के आदेशानुसार संपत्ति को कुर्क और नीलाम किया जाता है। लेकिन मंगेज चौधरी द्वारा इन वैधानिक प्रक्रियाओं में बाधा पहुंचाई जा रही है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि चौधरी द्वारा उन्हें फोन पर धमकियां दी जा रही हैं और वसूली कार्यवाही में विधि विरुद्ध रूप से बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनियां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गाइडलाइंस के अनुसार ही ऋण वितरण करती हैं और सभी प्रक्रियाएं पूरी तरह से कानूनी होती हैं। ज्ञापन में हाल ही की एक घटना का भी जिक्र किया गया, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कर्मचारियों की जीप को आग के हवाले कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं न केवल उनके कार्य में बाधा डाल रही हैं, बल्कि उनकी जान-माल को भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही हैं। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से मांग की कि मंगेज चौधरी के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और वित्तीय संस्थाओं के कर्मचारी सुरक्षित माहौल में अपना काम कर सकें।

# डेढ़ सौ किलो डोडा पोस्त बरामद, खेत में ग्रामीणों ने पकड़ा

● भारत माला रोड पर पुलिस को देखकर भागा, आरोपियों की डस्टर कार जब्त

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** लूणकरणसर के शेखसर में महाजन व कालू थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से देर रात डेढ़ क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद किया, साथ ही एक डस्टर कार जब्त की। आरोपी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे लेकिन ग्रामीणों ने ही सुबह तक एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जब्त डोडा पोस्त की बाजार कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। महाजन पुलिस रात्रि गश्त के दौरान जैतपुर भारतमाला टोल पर नाकाबंदी कर रखी थी। भारत माला सड़क से तस्करों की गाडी आई और सामने पुलिस की गाड़ी देखकर तस्करों ने अपनी गाड़ी वापिस घूमा ली पुलिस शक हुआ। महाजन पुलिस ने गाड़ी




पीछे लगा दी आरोपियों ने कपूरीसर टोल नाके पर गाड़ी को भारतमाला से उतारकर शेखसर रोड की तरफ निकल गये। महाजन पुलिस ने कालू पुलिस की शेखसर चौकी व ग्रामीणों को सूचना दी। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए कार शेखसर गांव में घुसा दी। कार की गति तेज होने से कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। आरोपी कार मौके पर छोड़ कर भाग गये। रातभर महाजन कालू पुलिस व ग्रामीण आरोपियों की खोजबीन करते रहे लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शेखसर चौकी में कार की तलाशी लेने पर कार में प्लास्टिक के कट्टों में भरा डेढ़ क्विंटल अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। ग्रामीणों ने बताया कि कार से उतर कर भागा युवक रातभर खेतों में छिपा रहा। सुबह एक खेत की सरसों में पकड़ा गया है। जिसने भागने का प्रयास किया लेकिन क्षेत्र के लोगों ने बड़ी मुस्तैदी के साथ उसे पकड़कर कालू पुलिस के हवाले कर दिया है। युवक के बारे में विस्तार से जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

# पेयजल की डिग्गियों में जाल डालकर मछलियों का शिकार

● सहायक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव ने हटाए जाल

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जलदाय विभाग की पेयजल डिग्गियों में अवैध रूप से लोग मछलियां पकड़ रहे हैं। जलदाय विभाग ने डिग्गियों के पास अनजान व्यक्ति के जाने से रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड भी तैनात कर रखे हैं। इसके बावजूद डिग्गियों से मछलियों को जाल डालकर पकड़ा जा रहा है। सहायक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम यादव अपने परिवार के सदस्यों के साथ मछलियों को दाना डालने के लिए जलदाय विभाग पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां डिग्गियों पर जाल डालकर अवैध रूप से मछलियों को पकड़ा जा रहा था। इस बारे में उन्होंने वहां तैनात सुरक्षा गार्डों से पूछा तो उन्होंने इसकी जानकारी होने से मना कर दिया। पेयजल डिग्गियों से मछलियों को पकड़कर शिकार करने का मामला सामने आने के बाद राधेश्याम यादव ने बताया



कि सुरक्षाकर्मियों की मिलीभगत से जाल लगाकर मछलियों को पकड़कर उन्हें मारा जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने विभाग की जेईएन तनुजा स्वामी से बात की ओर कहा कि अगर कोई डिग्गियों में जहर डालकर चला जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। जेईएन तनुजा स्वामी ने कहा कि पीछे की दिवार फांदकर अज्ञात व्यक्ति जाल डालकर चले जाते हैं। सुरक्षाकर्मियों से जाल हटवा दिया गया है तथा भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। राधेश्याम यादव ने अपने परिवारिक सदस्यों के साथ डिग्गियों में लगे जाल को हटाया तथा सुरक्षाकर्मियों को चेतावनी देते हुए जिम्मदारी से कार्य करने की हिदायत दी।

# दुकान में घुसे सांड़ों ने मचाया उत्पात

**जनमार्ग न्यूज**

**सिरसा।** शहर में बरनाला रोड पर बुधवार को सांडों की लड़ाई दुकानदार को महंगी पड़ गई। सांडों ने दुकान में घुसकर उत्पात मचाया और गेट का शीशा तोड़ डाला। वहीं, दुकानदार को भी चोटिल कर डाला। दुकानदार के सिर व हाथों पर चोटें लगी हैं। एक एक्टिवा भी तोड़ डाली। करीब आधे घंटे तक सांडों में लड़ाई होती रही। बाद में बड़ी मुश्किल से लोगों ने सांडों को वहां से भगाया। गर्ग जनरल स्टोर के संचालक मनोज कुमार ने बताया कि रोड के ऊपर पांच-छह सांड़ लड़ रहे थे। दुकानदारों ने उन्हें शांत करने के लिए पहले पानी डाला, फिर ईंटों से भी उन्हें भगाने का प्रयास किया। मगर दो सांड लड़ते-लड़ते दुकान में घुस गए। इससे दुकान के मेन गेट का शीशा टूट गया।

# शॉर्ट सर्किट से चलती कार में लगी आग

● हादसे के बाद परिवार को बीच रास्ते में उतरना पड़ा

**जनमार्ग न्यूज**

**बीकानेर।** बीकानेर से छत्तरगढ़ के बीच बीती रात एक कार जलकर राख हो गई। जिस समय कार में आग लगी, उस समय उसमें बीकानेर का एक परिवार था। आग का आभास होने के साथ ही कार में सवार सभी लोग बाहर आ गए। जनहानि तो नहीं हुई लेकिन कार पूरी तरह जल गई। छत्तरगढ़ थाने से करीब पांच किलोमीटर दूर बीकानेर की तरफ ये घटना हुई। कार में बीकानेर के देव किशन सोनी अपने परिवार के साथ जा रहे थे। रास्ते में अचानक कार में आग की



दुर्गंध आने पर रोका गया। कार में सवार पूरे परिवार को बाहर निकाला गया। मौके पर लोग सहायता के लिए पहुंचते, उससे पहले आग तेज हो चुकी थी। छत्तरगढ़ थाने से एएसआई गोविन्द सिंह और हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह मीणा भी पहुंचे। आग धीरे धीरे बढ़ती चली गई और आगे-पीछे सब जगह जलकर राख हो गई। लोहे का ढांचा ही बचा है। कार मालिक देवकिशन सोनी छत्तरगढ़ के ही वार्ड संख्या तीन में रहने वाले हैं। वो अपने परिवार के साथ बीकानेर में किसी पारिवारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर वापस लौट रहे थे। होंडा अमेज कार में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। घटना के बाद छत्तरगढ़ के सरपंच सद्दाम हुसैन भाटी, नंदू सिंह भाटी, राजेश पारीक व छोटू सिंह ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में सहयोग किया।

# आवारा पशु से टकराने से युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**फाजिल्का।** काम से घर लौट रहे गांव झुग्गे गुलाब निवासी एक युवक की आवारा पशु से टकराने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान 35 वर्षीय विनोद सिंह के रुप में हुई है, जो गांव राणा के गोदाम में पल्लेदारी का काम करता था। घटना देर रात की है। देर रात विनोद ने अपने घर फोन करके कहा था कि वह जल्द लौट रहा है और नहाने के लिए पानी गरम कर दें। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। आज सुबह गांव करनीखेड़ा के पास कच्चे रास्ते पर उसका शव मिला। मृतक के भाई गुरचरण सिंह ने बताया कि विनोद काम से लौटते समय आवारा पशु से टकरा गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। विनोद के पीछे 11 वर्षीय बेटी है। गांव के सरपंच सुनील कुमार ने सरकार और प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने की मांग की है।



# महाशिवरात्रि पर गौरीशंकर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** चहल चौक स्थित गोरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में क्षदाभाव और विश्वास का सैलाब उमड़ा मंदिर में आज सुबह 4 बजे से क्षदालुओ का आना आरंभ हो गया मंदिर में स्थापित शिवलिंग के दर्शनो के लिए क्षदालुओ को लंबा इंतजार करना पड़ा अनेक पंडाल में लंगर प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं के लिए पवन कुमार गोयल, मोहित चौहान, टिंकु चौहान सुभाष सुरज अनेक सेवादारों ने खीर, मिल्क अल्वा, पकौड़े आदि की सेवा की।

# रीट कल से, पहले दिन 10 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स

● श्रीगंगानगर में परीक्षा के लिए बनाए 35 केन्द्र

● दूसरे दिन साढ़े 5 लाख कैंडिडेट्स, एक घंटे पहले मिलेगी एंट्री

**जनमार्ग न्यूज**

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट- 2024 का आयोजन कल से शुरू होगा। एग्जाम दो दिन होंगे। 27 फरवरी को प्रथम पारी में 4 लाख 61 हजार 321, द्वितीय पारी में 5 लाख 41 हजार 599 रजिस्टर्ड है। ऐसे में पहले दिन कुल 10 लाख 2 हजार 920 कैंडिडेट्स है। 28 फरवरी को 5 लाख 41 हजार 598 परीक्षार्थी है। बता दें कि रीट परीक्षा के लिए कुल 1731 परीक्षा केन्द्र राज्य के 41 जिलों में निर्धारित किए गए हैं। रीट परीक्षा के लिए कुल 14 लाख 29 हजार 822 ने आवेदन किए है। इसमें लेवल-1 में कुल परीक्षार्थी 3 लाख 46 हजार 625, लेवल-2 में कुल परीक्षार्थी 9 लाख 68 हजार 501 तथा दोनो लेवल के लिए कुल परीक्षार्थी एक लाख 14 हजार 696 पंजीकृत है। अजमेर में 57, अलवर में 74, बालोतरा में 11, बांसवाड़ा में 34, बारां में 34, बाड़मेर में 48, ब्यावर में 17, भरतपुर में 93, भीलवाड़ा में 51, बीकानेर में 45, बूंदी में 23, चितौढ़गढ़ में 22, चुरू में 47, दौसा में 47, डीग में 41, धोलपुर में 31, डीडवाना-कुचामन में 20, डूंगरपुर में 44, हनुमानगढ़ में 39, जयपुर में 233, जैसलमेर में 13, जालौर में 26, झालावा? में 44, झुनझुनूं में 64, जोधपुर में 75, करौली में 26, खैरथल-तिजारा में 12, कोटा में 67, कोटपुतली-बहरोड़ में 36, नागौर में 25, पाली में 21, फलौदी में 12, प्रतागढ में 26, राजसमंद में 21, सलूम्बर में 16, सवाई माधोपुर में 34, सीकर में 51, सिरोही में 24, श्रीगंगानगर में 35, टोंक में 37 तथा उदयपुर में 55 परीक्षा केन्द्र होंगे।



# आप ने सांसद को विधानसभा उपचुनाव का उम्मीदवार बनाया

**जनमार्ग न्यूज**

**चंडीगढ़।** पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस और भाजपा आरोप लगा रही है कि अरविंद केजरीवाल, अरोड़ा की जगह राज्यसभा जा सकते हैं। वहीं मनीष सिसोदिया के भी राज्यसभा जाने की चर्चा है। आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने इसे खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल न पंजाब के सीएम बन रहे और न ही राज्यसभा जा रहे हैं। दोनों बातें बिल्कुल गलत हैं। उधर, कांग्रेस विधायक सुखपाल खैहरा ने कहा कि मैं पंजाब से राज्यसभा में अरविंद केजरीवाल के पिछले दरवाजे से प्रवेश की कड़ी निंदा करता हूं।


# सहेली के घर किताब लेने गई नाबालिग से गैंगरेप

● ब्लैकमेल कर दो साल से कर रहे थे रेप

● तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**जनमार्ग न्यूज**

**डीडवाना।** नाबालिग छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़िता (17) के साथ दो साल से रेप कर रहे थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला डीडवाना जिले के मौलासार थाना क्षेत्र का है। घटना 25 फरवरी की है। दोपहर 2.30 बजे पीड़िता अपने सहेली के घर से लौट रही थी। इसी दौरान बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में दो आरोपी फरार चल रहे है। मोलासर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को



पीड़िता दोपहर में अपने सहेली के यहां किताब लेने गई थी। वहां से किताब लेने के बाद वापस अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में रणजीत मीणा, नवलकिशोर मीणा, मुकेश मेघवाल, हरीश मेघवाल, अभिषेक स्वामी ने पकड़ लिया। इसके बाद पांचों आरोपी पीड़िता को सुनसान खंडहर में ले गए। जहां बारी-बारी से रेप किया। थाना अधिकारी ने बताया कि इस दौरान लोगों की आवाज सुन आरोपी मौके से फरार हो गए।

# चाकू दिखाकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज**

**उदयपुर।** उदयपुर की ऋषभदेव पुलिस ने उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे 48 पर कानूवाडा ओवरब्रिज के पास एक बदमाश को हवा में चाकू लहराते हुए गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि डूंगरपुर के मालपुर निवासी सुनील पुत्र थानेश्वर कटारा को गिरफ्तार किया और उससे चाकू और बाइक को जब्त किया है। मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कानूवाड़ा ओवरब्रिज पर एक युवक बाइक पर बैठकर हवा में चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। करीब 20 साल का युवक ओवरब्रिज के पास सर्विस रोड पर बाइक के पास खड़ा होकर हवा में चाकू लहराते हुए धमका रहा था।

# कमरे में सो रहे मजदूर की आग की चपेट में आने से मौत

**जनमार्ग न्यूज**

**अबोहर।** स्थानीय जम्मू बस्ती में चारपाई पर सोया एक प्रवासी मजदूर की आग में जलने के कारण मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर थाना सिटी वन पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने नर सेवा नारायण सेवा समिति के सहयोग से मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बताया जा रहा है कि मृतक बीड़ी पीने का आदि था। इसीलिए संदेह जताया जा रहा है कि बीड़ी की चिंगारी के कारण ही उसकी रजाई में आग लग गई और जलने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यूपी निवासी अमर सिंह पुत्र मान सिंह पिछले काफी समय से जम्मू बस्ती में परिवार सहित रहते हुए मेहनत मजदूरी करता था और उसके दो बेटे हैं। पार्षद निर्मल सिंह रिच्ची ने बताया कि सोमवार रात को उनके पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने उसे बताया कि अमर सिंह के कमरे से धुंआ निकल रहा है, लेकिन कमरा अंदर से बंद है। जिस पर वे मौके पर पहुंचें और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को दी। जो तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। इधर, सूचना मिलते ही थाना सिटी वन की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मृतक के बेटों व आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए।

# परिवार शादी में गया, घर में लगी आग

● 1.85 लाख रुपए समेत सारा सामान जला, एक गाय झुलसी

**जनमार्ग न्यूज**

**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ उपखंड के राजियासर क्षेत्र के गांव पीपासर की रोही में बनी ढाणी में मंगलवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस आगजनी में ढाणी में रखी नगदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान नारायणराम पुत्र भोमाराम मेघवाल, निवासी पीपासर, ने घटना को लेकर मंगलवार शाम को पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। आग की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग के गिरदावर श्योपत बारूपाल और पटवारी मुकेश मौके पर पहुंचे। ढाणी के पास बने छप्पर में बंधी एक गाय झुलस गई। आग की लपटें देखकर आसपास के खेतों और ढाणियों से लोग मौके पर पहुंचे। पास में लगे ट्यूबवेल से पानी की पाइपलाइन बिछाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। हालांकि, तब तक ढाणी में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। गनीमत रही कि पड़ोसियों ने हिम्मत दिखाते हुए छप्पर में बंधे पांच गोवंश को समय रहते खोल दिया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य गांव पीपासर में भाई के



बेटे की शादी में गए हुए थे। पड़ोसियों ने खेत मालिक को आग लगने की सूचना दी। ढाणी का सारा सामान जलता देख परिवार की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर गांव से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ति परिवार को सांत्वना दी। सरपंच पुत्र छोटूराम झोरड़, गिरदावर बारूपाल और पशुधन सहायक विनोद जाखड़ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ति किसान ने थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि आगजनी में घरेलू सामान, बच्चों के शैक्षिक दस्तावेज, बैंक के कागजात और शादी के लिए कर्ज लेकर रखे 1 लाख 85 हजार रुपए जल गए। राख में दबे सामान के बीच से 500 और 200 रुपए के अधजले नोटों की गड्डियां बरामद हुई।

# अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

❑ गश्त के दौरान आरोपी से 315 बोर का कट्टा बरामद

**जनमार्ग न्यूज**

**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ की शहर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी गौरव उर्फ रॉकी वार्ड नंबर 37 सूरतगढ़ का निवासी है, जिस पर पुलिस ने थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ तथा अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस लगातार चौकस होकर कार्रवाई कर रही है। सीआई के मुताबिक मुताबिक थाना के सहायक उप निरीक्षक ताराचंद गोदारा मंगलवार शाम को जब गश्त पर थे तो जरिए मुखबिर उन्हें सूचना मिली कि वार्ड नंबर 37 में एक युवक संदिग्ध



अवस्था में घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो सरकारी वाहन देख युवक ने भागने की कोशिश की। मगर जाप्ते की मदद से युवक को काबू किया गया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान गौरव की उर्फ रॉकी उर्फ रॉबिन (23) पुत्र विनोद कुमार, निवासी वार्ड नंबर 37 सूरतगढ़ का ही होना बताया। जिस पर उसे गिरफ्तार कर उसे पर प्रकरण दर्ज किया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692